दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 270 जयपुर, शनिवार, 09 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### 3.13 करोड़ रुपए का सोना पेस्ट के रूप में पकड़ा



**जयपुर।** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को सुबह के समय कस्टम विभाग ने एक यात्री से 5.14 किलोग्राम सोना पकड़ा। इसकी अनुमानित कीमत 3.13 करोड़ बताई गई। मिलावटी पेस्ट में से केमिकल और सोने को अलग करने के लिए टीम ने दिनभर मशक्क्त की। डिप्टी कमिश्नर सुरेश चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8:15 बजे दुबई से आए विमान में सीकर के फतेहपुर के एक यात्री को प्रोफाइलिंग के आधार पर जब जांच की गई तो उसके पास से पेस्ट के रूप में संदिग्ध पदार्थ मिला। जो कि 5.80 किलोग्राम का सोने का पेस्ट था।

### नंदोत्सव के दौरान डीजे लाइट गिरी, चार घायल



**जोधपुर।** भीतरी शहर स्थित प्राचीन घनश्याम जी के मंदिर में नंदोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान डीजे की लाइट नीचे खड़े लोगों पर गिर गई, जिससे चार लोग घायल हो गए। इनमें तीन युवक और एक बच्चा शामिल है। एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि एक बच्चे को उम्मेद अस्पताल में इलाज के लिए भेजा है। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई। शहर विधायक मनीषा पंवार भी अस्पताल पहुंचीं। घायलों के नाम अर्जुन (30) कैलाश (28) और जितेंद्र (25) का गांधी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### जी20 समिट की पूर्व संध्या पर पीएम मोदी और बाइडेन के बीच कई मुद्दों पर हुई द्विपक्षीय वार्ता

# भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाएंगे: प्रधानमंत्री मोदी

### बैठक 'बहुत सार्थक' रही, दोनों देशों के बीच आर्थिक सहित कई मुद्दों पर भी हुई बात



**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मित्रता वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती रहेगी। उन्होंने कहा, बैठक 'बहुत सार्थक' रही, भारत एवं अमेरिका के बीच आर्थिक, दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही जो बाइडेन ने एक्स पर कहा, 'मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। दोनों देशों में साझेदारी और मजबूत होगी।' यह मुलाकात प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाइडेन के शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचने के तत्काल बाद हुई।

#### बाइडेन की पहली यात्रा

पीएम मोदी और बाइडेन के बीच यह मुलाकात जी-20 समिट से इतर थी। पीएम मोदी की राजकीय यात्रा के तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में बाइडेन की यह पहली भारत यात्रा है। यह द्विपक्षीय वार्ता शनिवार से शुरू होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले हुई है। बता दें, फरवरी 2020 में भारत का दौरा करने वाले आखिरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प थे।

#### आज से शुरू होगा दो दिवसीय शिखर सम्मेलन

जी20 का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन शनिवार से शुरू होगा। रविवार को यह संपन्न होगा। इसमें ग्लोबल साउथ की चिंताओं, यूक्रेन संघर्ष के परिणामों, निराशाजनक आर्थिक परिदृश्य और एक खंडित भूराजनीतिक परिदृश्य में समावेशी विकास को बढ़ावा देने जैसी कुछ जटिल वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मंथन होगा। जी20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या का लगभग दो-तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं।



जगमग भारत मंडपम...

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले रोशन भारत मंडपम। फोटो: पीटीआई

#### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

बैठक में अमेरिका की ओर से अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन, विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन भी मौजूद थे। वहीं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शामिल थे।

#### राष्ट्रपति भवन में 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह रद्द

जी20 सम्मेलन के कारण नौ सितंबर को राष्ट्रपति भवन में 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह नहीं होगा। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई है। 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह एक सैन्य परंपरा है, जो राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के एक नए समूह को कार्यभार संभालने में सक्षम बनाने के लिए हर सप्ताह आयोजित किया जाता है।

**समूह में शामिल देश:** समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

■ पेज 8 भी देखें

#### मोदी करेंगे 15 द्विपक्षीय बैठकें

मोदी अगले दो दिनों में 15 द्विपक्षीय बैठकें करने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि ये बैठकें विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का तथा विकास सहयोग को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया था, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि नई दिल्ली में जी20 का शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में नया मार्ग प्रशस्त करेगा। मैं अगले दो दिन में वैश्विक नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत को लेकर आशान्वित हूं।' मोदी ने कहा था, 'मैं कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ मित्रता और सहयोग के संबंधों को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय वार्ता करूंगा।' मोदी शनिवार को ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों के अलावा जी20 के सत्रों में शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार, रविवार को वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ दोपहर के भोजन पर बैठक करेंगे।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शेखावटी दौरा हुआ रद्द

# G-20 के कारण सीएम के हेलिकॉप्टर को नहीं मिली उड़ान की परमिशन

**बेधड़क | जयपुर**

नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हेलिकॉप्टर को उदयपुर से सीकर जाने की अनुमति नहीं दी। इस कारण गहलोत का सीकर दौरा रद्द हो गया।

गहलोत ने स्वयं सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज बाबा श्री खींवादास जी महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में सांगलिया पीठ, सीकर जाने का कार्यक्रम था, परन्तु जी-20 की बैठक के कारण गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने एयरस्पेस में उदयपुर से सीकर हेलिकॉप्टर से जाने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने लिखा, 'सांगलिया पीठ के पीठाधीश्वर श्री ओम दास महाराज से फोन पर बात कर जानकारी दी। मैं जल्द ही सांगलिया पीठ आशीर्वाद लेने आऊंगा।'

- ग्रामीण इलाकों में इंदिरा रसोई की शुरुआत करेंगी प्रियंका
- गहलोत ने सभा स्थल की तैयारियों का लिया जायजा



#### सड़क मार्ग से पहुंचे निवाई

सीएम शुक्रवार शाम को निवाई में प्रियंका गांधी की दस सितंबर को होने वाली सभा का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान मीडिया से कहा कि कांग्रेस सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी सस्ता भोजन उपलब्ध कराएगी। इसके लिए प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में एक हजार इंदिरा गांधी रसोई की शुरुआत की जा रही है। प्रथम चरण में सौ रसोइयों से इसे शुरू किया जाएगा। प्रियंका गांधी इसकी शुरुआत करेंगी।

#### भाजपा घबराई... बौखलाई

सीएम गहलोत ने कहा कि भाजपा वाले घबराए हुए हैं। बौखला गए हैं। भाजपा की परिवर्तन यात्रा फ्लॉप हो गई है। साढ़े चार साल कुछ किया नहीं और अब झूठ बोल रहे हैं। अब भाजपा वाले सत्ता पाने के लिए कई हथकंडे अपना रहे हैं। हम तो इंडिया, भारत सब एक मानते हैं। संविधान के हिसाब से चलते हैं। ये लोग इंडिया-भारत करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं। बीजेपी जहां कांग्रेस सरकारें है, वहां नेताओं को ईडी, सीबीआई से डरा रहे हैं। महाराष्ट्र में घोटाले का आरोप लगाने वाले को ही मिला कर सरकार गिरा दी, लेकिन राजस्थान में उनकी दाल नहीं गली।

### विधानसभा उपचुनाव: 4-3 के स्कोर से 'इंडिया' ने जीता पहला मुकाबला...

# यूपी की घोसी सीट पर BJP को झटका



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सात विधानसभा सीटों के मंगलवार को हुए उपचुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इनमें 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने भाजपा को 4-3 से हरा दिया। यानी सात विधानसभा सीटों में से 4 विपक्षी गठबंधन इंडिया के खाते में गईं, जबकि तीन पर भाजपा ने कब्जा किया। भाजपा ने त्रिपुरा में धनपुर और बॉक्सनगर विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है और उत्तराखंड में बागेश्वर विधानसभा सीट बरकरार रखी।

**टीएमसी ने छीनी धुपगुड़ी सीट:** तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट भाजपा से छीन ली। उधर, इंडिया की सहयोगी झामुमो की बेबी देवी ने भी झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट पर एनडीए की यशोदा देवी को हराकर 17,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की। केरल के पुतुपल्ली में कांग्रेस ने भारी जीत हासिल की। इस बीच, भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर लगा है। भाजपा के दारा सिंह चौहान समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह से 42,759 वोटों के बड़े अंतर से हार गए।

■ पेज 7 भी देखें

### बाघिन टी-79 के दूसरे शावक की भी मौत



**बेधड़क | सवाई माधोपुर**

सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर नेशनल पार्क में शुक्रवार को फिर एक टाइगर शावक की मौत हो गई। उसका वन विभाग की ओर से भैंरूपुरा वन क्षेत्र में अंतिम संस्कार कर दिया गया। विभाग के अधिकारियों के अनुसार शावक बहुत ज्यादा कमजोर था।

वन अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन से चार दिनों में रणथंभौर की फलोदी रेंज में बाघिन टी-79 के दो शावकों की मौत हो चुकी है। ऐसे में अब फलौदी रेंज में बाघिन टी 79 का महज एक ही शावक जिंदा बचा है। उसे जिंदा रखने के लिए वन विभाग द्वारा शावक की मुस्तैदी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।

### रंधावा का परिवारवाद पर हमला

# 'बड़े नेता अपने परिवार की ओर ही देखते रहे तो कार्यकर्ता कहां जाएगा'

- पिता जब तक राजनीति में एक्टिव थे, उन्होंने मुझे आगे नहीं किया
- जब मुझे टिकट दिया तो उन्होंने राजनीति से ले लिया संन्यास
- अपने घर ही सब कुछ ले जाओगे तो कांग्रेस का परिवार कहां जाएगा?

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी नेताओं को परिवारवाद को लेकर नसीहत दे डाली। उन्होंने ऐसे नेताओं को आड़े हाथ लिया जो खुद पद पर बैठे हैं या फिर भी अपने ही परिवार के लोगों को राजनीति में सक्रिय रखना चाहते हैं। रंधावा ने कहा कि मेरे पास टिकट मांगने के लिए जो आवेदन आ रहे हैं, उनमें पिता मंत्री, बेटा या बेटी अध्यक्ष हैं और परिवार के दूसरे सदस्य अन्य पद पर हैं। अगर एक ही परिवार सब पद ले लेगा तो फिर यह यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता कहां जाएगा।

यह बात रंधावा ने विधानसभा चुनाव में यूथ कांग्रेस की भूमिका को लेकर शुक्रवार को हुई बैठक के दौरान युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। रंधावा ने कहा कि वरिष्ठ नेता अपने परिवार की ओर ही देखते रहे तो कार्यकर्ता कहां जाएगा और वह पार्टी के लिए क्यों लड़ेगा? अलबत्ता, इस मसले पर बात करते हुए उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

#### कार्यकर्ता पार्टी के लिए मेहनत कैसे करेगा?

रंधावा ने कहा कि जब तक बड़े लीडर अपने परिवार को ही स्थापित करते रहेंगे तो कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के लिए मेहनत कैसे करेगा? उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि मेरे पिता जब तक राजनीति में एक्टिव थे, उन्होंने मुझे आगे नहीं किया और जब मुझे टिकट दिया तो उन्होंने एक्टिव राजनीति से संन्यास ले लिया। इसी तरीके की सोच कांग्रेस के सीनियर नेताओं को रखनी होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता तभी पार्टी के लिए लड़ेगा, जब उसे लगेगा कि मेरा भी पार्टी में भविष्य है।



#### पिता मंत्री, बेटा जिला प्रमुख, सब आप ही रखोगे?

रंधावा बोले कि कांग्रेस सरकार रिपीट होगी, लेकिन एक काम करना होगा। हमें परिवारवाद पर कंट्रोल करना होगा। अगर आप सब कुछ अपने घर में रखे हो तो कांग्रेस कैसे मजबूत होगी? पिता मंत्री, बेटा जिला प्रमुख, अरे सब कुछ आप ही रखोगे। अपने घर ही सब कुछ ले जाओगे और आपके परिवार को ही सब कुछ मिल जाएगा तो कांग्रेस का परिवार कहां जाएगा?




#### चुनावों में युवाओं को मिलेगा मौका

रंधावा ने कहा कि चुनावों में युवाओं को मौका मिलेगा। भले ही नेताओं के परिवार के सदस्यों के टिकट के आवेदन आए हों। जिस तरीके से पहले भी कुछ प्रतिशत यूथ कांग्रेस के लिए टिकट रखे जाते हैं। जो भी डिजर्व करेगा, उसे टिकट दिया जाएगा। जिन नेताओं के बेटे-बेटी टिकट मांग रहे हैं। उनका पार्टी सर्वे में रिकॉर्ड देखने के आधार पर ही चयन होगा।

## जरूरी खबर

### सनातन का अपमान करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई



**जयपुर।** सनातन धर्म को लेकर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा दिए गए बयान के विरोध में शहर के प्रबुद्ध लोगों ने शुक्रवार को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इसमें सनातन के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को विद्वेष फैलाने वाला बताया। मेजर जनरल अनुज माथुर ने बताया कि भारतवासियों की भावनाओं को आहत करने का षड्यंत्र हो रहा है। ज्ञापन में उदयनिधि पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान ले. जनरल विश्म्भर सिंह, पूर्व न्यायाधीश प्रशान्त अग्रवाल, पूर्व आईएएस ललित के पंवार, सेवानिवृत आईजी मदनसिंह, सेवानिवृत कर्नल देवानंद सहित कई प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश में 232.10 करोड़ रुपए से बनेंगी 139 सड़कें

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 जिलों में सड़क निर्माण के 139 कार्यों के लिए 232.10 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से बाड़मेर, जयपुर-भरतपुर में 21-21, जैसलमेर में 20, नागौर में 12, झुंझूनू, चूरू, जोधपुर-हनुमानगढ़ में 6-6, चित्तौड़गढ़ में 5, कोटा में 4, पाली में 3, अलवर में 2 और टोंक, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, धौलपुर एवं अजमेर जिले में 1-1 सड़क का निर्माण होगा।

### लोजपा जयपुर संभाग प्रभारी बने अशोक पारीक



**जयपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा) किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पारीक को जयपुर संभाग प्रभारी बनाया है। राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी पृथ्वीराज सिंह यादव के निर्देशानुसार कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह भारती ने उन्हें लोक जनशक्ति पार्टी का जयपुर संभाग प्रभारी का दायित्व दिया है। इस अवसर पर अशोक पारीक ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी खड़े किए जाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह भारती, नत्थी सिंह जसोरा, सोहन सिंह आजाद, कमलेश भार्गव, प्रभु दयाल जाटव, रूपनारायण सैनी, अशोक जोशी, राजीव जायसवाल, रामधन मीणा, डॉ. लक्ष्मी नारायण वर्मा आदि ने ध्वनिमत से समर्थन किया। इस अवसर पर अजमेर रोड पर कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया।

**भाजपा का मिशन फतह:** एक्टर व सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस पर बोला जुबानी हमला

# सरकार का कोई प्रलोभन काम नहीं आएगा, होगा परिवर्तन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में मिशन फतेह को लेकर भाजपा पूरी तरह से चुनावी मैदान में उतर आई है। भाजपा की ओर से परिवर्तन संकल्प यात्राओं में भाजपा के टॉप मोस्ट लीडर्स के बाद अब परिवर्तन यात्राओं में फायर ब्रांड नेताओं की एंटी शुरू हो गई हैं।

यात्रा में शामिल होने के लिए शुक्रवार को भाजपा सांसद और एक्टर मनोज तिवारी उदयपुर पहुंचे। जहां उन्होंनें कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस बार राजस्थान की जनता परिवर्तन के लिए मतदान करने जा रही हैं।



ऐसे में गहलोत सरकार का कोई भी प्रलोभन काम नहीं आएगा।

तिवारी ने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश को भारी कर्ज में डूबो दिया। प्रदेश का बजट 3 लाख करोड़ का है, जबकि कर्ज 6 लाख करोड़ हो गया है, जो बजट से दो गुना है। ऐसे में इतना पैसा कहां गया। राजस्थान का किसान कर्ज माफी की आस में हैं।

### भाजपा के समर्थन में आएंगे क्रिकेटर-एक्टर

बताया जा रहा है कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए कई क्रिकेटर व एक्टर आएंगे। हालांकि जो खास नेता आएंगे वे पार्टी से सांसद या फिर किसी न किसी पद पर हैं। इसी कड़ी में भाजपा से सांसद क्रिकेटर गौतम गंभीर भी आएंगे। वहीं सांसद सनी देओल, सांसद हेमा मालिनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा, महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्व सीएम पंजाब कैप्टन अमरिंदर सिंह आदि नेताओं की एंट्री होगी। बाहर से आने वाले नेताओं में मनोज तिवारी का नाम था, जिन्होंने चुनावों में एंट्री मारकर इसकी शुरूआत कर दी हैं।

### भोजपुरी गानों से कांग्रेस पर साधा निशाना

मनोज तिवारी ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला। वहीं भोजपुरी गानों के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। तिवारी ने कहा कि उदयपुर के कन्हैयालाल के हत्यारे को जमानत मिल गई। जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपी भी बरी होने जा रहे हैं। ऐसे में यह मान लिया जाना चाहिए कि गहलोत सरकार अपराधियों की मददगार हो गई हैं। भय मुक्त सरकार भाजपा ही दे सकती हैं।

### भ्रष्टाचार, बलात्कार में राजस्थान नंबर वन

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बलात्कार, भ्रष्टाचार, दलितों के साथ अत्याचार, साइबर क्राइम, पेपर लीक आदि मामले में पूरे देश में राजस्थान नंबर वन है। राजस्थान में सरकार के लोग आपस में लड़ रहे हैं, इससे हमें क्या लेना-देना है, पर जनता सब देख रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फ्री देना गलत नहीं है, लेकिन फ्री देने के लिए अपना रेवेन्यू सिस्टम कहां से ला रहे हो यह देखने वाली बात है। राजस्थान में गहलोत ने फ्री देकर कर्जा बढ़ा दिया है। कर्ज लेकर किसी को फ्री देना इसको रेवड़ी कहते हैं।

**अपनी ही सरकार के विरोध में उतरे मंत्री-विधायक**

# किसानों को राहत दिलाने के लिए धरने पर बैठे मंत्री चांदना

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के कई विधायक और मंत्री अपनी ही सरकार के विरोध में उतर आए हैं। अब खेल मंत्री अशोक चांदना बूंदी में बिजली और सिंचाई के पानी की समस्या से जूझ रहे किसानों को राहत दिलाने को लेकर शुक्रवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। सरकार में सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए चांदना ने बूंदी में धरना शुरू कर दिया। हालांकि धरने के बाद इस मामले पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार ने एसई ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट जेपी बैरवा को एपीओ कर दिया।

चांदना ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई आयोजित की थी। इसमें किसानों ने ट्रांसफार्मर और समय पर बिजली नहीं मिलने का मामला उठाया था। जनसुनवाई में जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारी चांदना के निशाने पर रहे। मीटिंग में मंत्री चांदना ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई और बाहर निकल गए। इसके कुछ देर बाद ही वह बस स्टैंड के पास अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने पहुंच गए। जहां उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान भी पहुंचे।

## अधिकारियों पर लगाए आरोप, भाजपा के विधायकों के हो रहे काम



### भाजपा विधायकों की बात सुन रहे अधिकारी

चांदना का आरोप है कि डिस्कॉम के अधिकारी उनकी बात नहीं मान रहे हैं। जबकि जिले के अन्य दो भाजपा विधायकों की ज्यादा सुनवाई की जा रही हैं। चांदना ने कहा कि ट्रांसफार्मर वितरण में भेदभाव किया जा रहा हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र हिंडोली और नैनवा के लोग परेशान हो रहे हैं। एक ट्रांसफार्मर को डेढ़ महीने तक भी नहीं बदला जा रहा। चांदना ने कहा कि सीएम गहलोत किसानों को बिजली फ्री देना चाह रहे हैं, लेकिन अधिकारी उनकी योजना को पलीता लगाने में जुटे हैं। बूंदी के ट्रांसफार्मर दूसरी जगह पर भेजे जा रहे हैं। चांदना ने कहा कि हमारे 5 साल के काम की वाहवाही को इस एक डेढ़ महीने में खा जाओ। मैं कोई बकरी का बच्चा नहीं हूं कि मुझे खा जाओगे। इतwनी जल्दी से मैं आपको खाने नहीं दूंगा। जिस दिन मैंने ट्वीट किया कि मैं धरना दूंगा, तब जिले में 799 डीपी कम थी, दो बीजेपी के विधायक बूंदी और केशोरायपाटन से हैं, लेकिन मेरे इलाके में ही 500 डीपी कम थी, जबकि उनके दोनों के इलाके में महज 300 कम थी।

### जब तक डीपी नहीं, धरना जारी रहेगा

चांदना ने कहा कि एक दिन, 5 दिन या 10 दिन लग जाएं, जब तक डीपी की पेंडेंसी पूरी नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा। मंत्री चांदना के साथ जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीएल प्रेमी, प्रदेश सचिव संदीप पुरोहित, कांग्रेस नेता जगरूप सिंह रंधावा और युवा जिला अध्यक्ष निशांत नवाल धरने पर बैठे थे। बिजली विभाग की कार्य प्रणाली से नाराज मंत्री अशोक चांदना ने तीन दिन पहले ट्वीट कर जिला कलेक्ट्रेट के घेराव की चेतावनी दे दी थी। चेतावनी के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मंत्री के साथ बैठक की थी। इसमें 3 दिन में हिंडोली-नैनवां के बिजली विभाग के किसानों की सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया गया था।

### बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन 15 से शुरू करेंगे धरना

बाड़मेर से कांग्रेस विधायक मेवाराम जैन अपने जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में 3 माह से पानी की सप्लाई नहीं होने की समस्या को लेकर 15 सितंबर से कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठेंगे। विधायक ने सीएम अशोक गहलोत को चिट्ठी लिखकर बताया कि पानी की समस्या को लेकर मैंने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की, लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। इससे पहले भी सरकार के कई मंत्री व विधायक सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं।

**राजीविका की महिलाएं करेंगी संचालन**

# प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेंगी एक हजार इन्दिरा रसोइयां



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इन्दिरा रसोई योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को मात्र 8 रुपए में सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इस योजना से 'कोई भूखा ना सोए' का संकल्प साकार हो रहा है। इसी दिशा में प्रदेश के हर व्यक्ति को महंगाई की मार से राहत देने और भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी 1000 इन्दिरा रसोइयां खोलने का निर्णय लिया है।

इसका शुभारंभ 10 सितम्बर को टोंक जिले में निवाई के पास झिलाय से होगा। इन सभी 1000 रसोइयों का संचालन राजीविका समूह की महिलाओं की ओर से किया जाएगा। इससे 10 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री गहलोत शुक्रवार को सीएम आवास पर इन्दिरा रसोई योजना के संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस योजना का लाभ विद्यार्थियों एवं श्रमिकों सहित सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इंदिरा रसोई के संचालकों व कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भूखा ना सोए के संकल्प के साथ शुरू की गई इस योजना के माध्यम से कोरोना काल में 72 लाख लोगों को सरकार द्वारा निःशुल्क पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। कोरोना के दौर में राज्य सरकार के प्रयासों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी सेवा-भाव से आगे बढ़कर सहयोग किया। प्रदेश में वंचित तबके के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही इस योजना के लिए आर्थिक रूप से किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**खान एवं भू-विज्ञान विभाग का निर्णय**

# माइनर मिनरल्स की रॉयल्टी व डेडरेंट की नई दरें हुई जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने शुक्रवार को प्रदेश के माइनर मिनरल्स की रॉयल्टी की नई दरों के साथ ही डेडरेंट की नई दरें जारी की है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम वीनू गुप्ता ने बताया कि राजस्थान माइनर मिनरल कंसेशन रुल्स में आवश्यक संशोधन करते हुए नई दरें जारी की गई है।

ये नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। एसीएस गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश



में खनन किए जा रहे 28 माइनर मिनरल्स की रॉयल्टी की नई दरें जारी करने के साथ ही पार्ट ए के 8 माइनर मिनरल्स और पार्ट बी के माइनर मिनरल्स की डेडरेंट की नई दरें जारी की गई है। इसी तरह से डेडरेंट की नई दरें जारी की गई है। डायमेंशनल स्टोन में सेंडस्टोन, लाइमस्टोन, स्लेट स्टोन और अन्य स्टोन पर 95 रुपए प्रति 10 वर्गमीटर और फिलाइट व शिस्ट पर 47 रुपए प्रति 10 वर्गमीटर की दर से डेडरेंट देय होगा।

लाइमस्टोन के निर्माण में प्रयोग किए जाने वाले मिनरल्स पर 81 रुपए और लाइम कंकर, धांधला और झाझरा कंकर पर 34 रुपए प्रति 10 वर्गमीटर की दर से डेडरेंट देय होगा। इसी तरह अन्य खनन पदार्थों की दरें तय की गई है।

**मौसम विभाग ने जताई संभावना... 13 से लौटेगा मानसून**

# फलौदी का पारा 43 डिग्री पार, धूप और तपिश के बाद शाम को बरसे बदरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के करीब डेढ़ दर्जन जिलों में शुक्रवार को बारिश हुई। इसके बाद आमजन को गर्मी और उमस से हल्की राहत महसूस हुई। इधर राजधानी में दिनभर धूप के तीखे तेवरों ने आमजन के पसीने छुड़ाए।

दिन में यहां सर्वाधिक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि शाम होते-होते शहर व ग्रामीण इलाकों में बादल छा गए। इसके बाद कई जगह बारिश भी हुई और ठंडी हवा चली। सर्वाधिक तापमान जोधपुर के फलौदी में



43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जैसलमेर, बाड़मेर सहित बीकानेर और जालौर में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार वर्तमान में एक परिसंचरण तंत्र उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार को मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर, कोटा से होकर गुजरा है। जिसके चलते शनिवार को कोटा, उदयपुर, भरतपुर व जयपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है।

इसके अलावा 10 सितंबर से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी होगी तथा केवल पूर्वी राजस्थान में छिटपुट बारिश होने की संभावना है। दूसरी तरफ 13 और 14 सितंबर से पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में एक बार पुनः मानसून सक्रिय होने व कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

**दो दिन कोटा में रहेगी सरकार**

# चंबल रिवर फ्रंट और ऑक्सीजन पार्क का लोकार्पण करेंगे CM गहलोत

### देश में अर्बन डेवलपमेंट का मॉडल बनकर उभरेगा कोटा: धारीवाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की सरकार दो दिन तक कोटा में रहेगी। इस दौरान कोटा को कई सौगातें मिलेंगी और प्रदेश के लिए आगामी योजनाओं को लेकर दिशा और दशा तय होगी। सरकार के कोटा पहुंचने के साथ ही राजस्थान की जनता का लंबा इंतजार जल्द खत्म होगा और 12 सितंबर को सीएम अशोक गहलोत कोटा में बने चंबल रिवर फ्रंट और ऑक्सीजन पार्क का लोकार्पण करेंगे। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोरोना काल में भीलवाड़ा मॉडल बनकर उभरा था, उसी तरह अब देश में कोटा अर्बन डेवलपमेंट का मॉडल बनकर उभरेगा। लोकार्पण कार्यक्रम के अगले दिन कोटा में ही कैबिनेट की बैठक होगी। सीएम गहलोत की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक सुबह 11 बजे और मंत्रिपरिषद की 11.30 बजे से होगी।




### जिले में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री धारीवाल ने कहा कि कोटा में 2 लाख से ज्यादा बच्चे इंजीनियरिंग और मेडिकल की कोचिंग लेते हैं। ये बच्चे और इनके माता-पिता देशभर में यहां के बारे में बताएंगे। इससे कोटा देश में एक बड़े पर्यटक स्थल के तौर पर उभरेगा। प्रोजेक्ट कंसल्टेंट अनूप बरतरिया ने बताया कि चंबल नदी में 27 नाले गिरते हैं, उन नालों के गंदे पानी को ट्रीट किया गया है। इस प्रोजेक्ट से फ्लड कंट्रोल भी होगा। शहरी विकास का कोटा मॉडल आने वाले समय में देश दुनिया मे जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां आर्किटेक्ट का यह नमूना देशभर में अद्वितीय है।

### विकास का पर्याय बनेगा जिला

यह जिला आने वाले दिनों में विकास का पर्याय बनेगा। भारत में कोटा के विकास मॉडल की चर्चा होगी। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में कोटा-ए-सिटी रिबोर्न कार्यक्रम में यह बात कही। मंत्री ने कहा कि चंबल नदी राजस्थान, मध्यप्रदेश और यूपी 3 राज्यों से होकर बहती है। चंबल का पानी पेयजल, बिजली, सिंचाई के काम आता है। इसकी कभी औपचारिक पूजा नही हुई, लेकिन 12 सितंबर को 125 पंडित पहली बार चंबल माता की 225 फीट ऊंची संगमरमर की मूर्ति की पूजा करेंगे और सीएम नाव पर बैठकर उद्घाटन करेंगे।

### मंत्री ने गिनाई कोटा की खासियतें

इस दौरान मंत्री धारीवाल ने कहा कि रिवरफ्रंट पर जवाहर घाट पर विश्व का सबसे बड़ा गन मेटल का मुखौटा बनाया गया है। यहां 22 घाटों की अपनी अलग-अलग विशेषता है। दुनिया का सबसे बड़ा नंदी भी यहां बना है। पहली बार यहां पंच तत्व के मंदिर वैदिक घाट पर बने हैं। गीता घाट जनता को गीता का उपदेश देता दिखाई देगा। शक्ति योग को मानने के लिए योग करता साधक दिखाई देगा। ऐसे ही एक बगीचे में वृंदावन में 10 अवतारों की मूर्ति लगाई गई है। उन्होंने बताया कि बुलंद दरवाजे से ऊंचा दरवाजा बनाई गया है, जहां ईरानी पेंटिंग की है। मुकुट महल में 80 फीट ऊंची छत है।

## जरूरी खबर

### एंबुलेंस सेवा ठप होने से मरीज हो रहे हैं परेशान



**जयपुर।** राजधानी समेत प्रदेशभर में आपातकालीन सेवाओं के लिए लगाई गई एंबुलेंस सेवा 104 और 108 के पहिये थमे हुए हैं। एंबुलेंस कर्मियों की मांग है कि उन्हें संविदा के नियमों में शामिल करने के साथ ही उनके वेतन में बढ़ौतरी की जाए। इधर, एंबुलेंसकर्मियों की हड़ताल की वजह से आम मरीज परेशान हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुजाराम सारण का कहना है कि एंबुलेंस कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत हैं। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल का कहना है कि प्रदेश सरकार एंबुलेंस कर्मियों के सामने बेबस हो गई है। सीएम गहलोत ने प्रदेश में स्वास्थ्य का अधिकार कानून तो लागू कर दिया, लेकिन चिकित्सकीय सुविधा दिलाने में विफल साबित हो रहे हैं।

### अतिशबाजी को गोली समझ होटल से कूदा पर्यटक

**जयपुर।** जवाहर सर्किल इलाके में गोलीबारी की दहशत में गुरुवार रात नार्वे का एक पर्यटक होटल की दूसरी मंजिल से कूद गया। छत से कूदने के कारण पर्यटक के हाथ और पैरों में चोट आई है। पुलिस ने घायल पर्यटक को जयपुरिया अस्पताल में भर्ती कराया है। इस संबंध में पुलिस के बताया कि नार्वे का नागरिक फिन वैटले एयरपोर्ट के पास एक होटल में ठहरा हुआ था। गुरुवार देर रात जन्माष्टमी पर पास ही कुछ लोग आतिशबाजी कर रहे थे। गहरी नींद में सो रहे पर्यटक फिन ने आतिशबाजी की आवाज को गोलीबारी समझ लिया और दहशत में जान बचाने के लिए वह होटल की दूसरी मंजिल से नीचे कूद गया। एडि.डीसीपी ईस्ट सुमन चौधरी ने बताया फिन वैटले के कई जगह पर चोट लगी है। चिकित्सक ने बताया कि पर्यटक को नींद में चलने की बीमारी हो सकती है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**घूस काण्ड:** एसीबी की ट्रांसक्रिप्ट में खुलासा, एईएन ने एक्सईएन से बातचीत में कहा-

# साहब से तो बात हो गई, आप कन्फर्म सिग्नल नहीं दे रहे हो

**बेधड़क** | जयपुर

विभागीय कार्रवाई नहीं करने और नोटिस फाइल करने की एवज में 10 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में गिरफ्तार हुए आरोपियों के खिलाफ एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में एसीबी ने पिछले डेढ़ माह में आरोपी पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन जितेन्द्र कुमार व एईएन अनंत कुमार के बीच हुई बातचीत का भी उल्लेख किया है। आरोपी जितेन्द्र, अनंत को फोन करता है कि उसका अमेरिका जाने का प्रोग्राम केंसिल हो गया है। अब साहब के पास चलते हैं और पांच लेकर चलते हैं। तब अनंत कुमार बोलता है कि साहब से बात हो गई है, लेकिन आप कन्फर्म सिग्नल ही नहीं दे रहे हो। अभी साथ में कुछ नहीं लेकर चलेंगे। उन्होंने मना कर दिया तो अपने पास में कोई रास्ता नहीं बचेगा। साहब लालची नहीं हैं।




### दस लाख रुपए की घूस लेते किया था गिरफ्तार

एसीबी ने तीन दिन पहले निर्माण नगर में पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक, एक्सईएन जितेन्द्र कुमार जैन और एईएन अनंत कुमार को 10 लाख रुपए की घूस का लेनदेन करते गिरफ्तार किया था। एसीबी ने आरोपियों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर ले रखे थे। एसीबी ने डेढ़ माह में करीब 1500 कॉल्स सूने थे और जब आरोपी घूस की राशि लेकर जयपुर आए और सुबोध कुमार मलिक के घर उनको देने गए तो एसीबी ने तीनों को दबोच लिया था।

### इससे कम नहीं लेंगे

एसीबी की जांच में सामने आया कि जुलाई माह में जितेन्द्र कुमार और अनंत कुमार चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार से दो बार मिलने आए थे। दोनों समय जितेन्द्र कुमार पांच लाख रुपए साथ लेकर आए थे, लेकिन तब बात नहीं बनी थी। अनंत कुमार चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार से मिला था, लेकिन उसने कहा कि 10 लाख रुपए से कम नहीं लेंगे। उन्होंने अनंत को कहा कि तुझे तो पता मेरी रेट फिक्स है। सुबोध कुमार खुद डूंगरपुर आईटीआई भवन निर्माण कार्यों की जांच करने गए थे। उन्होंने जांच में भवन का निर्माण घटिया क्वालिटी का होना और ज्यादा भुगतान करना माना था। तब जितेन्द्र कुमार को नोटिस दिया था। आरोपी जितेन्द्र कुमार पर उनकी पत्नी ने भी घूस देने के लिए दबाव बनाया था। पत्नी ने जितेन्द्र कुमार को कहा- ठेकेदार से आधे पैसे ले लो और उससे लेकर दे दो। बाकी एडजस्ट कर लेना। उनको बोल दो-इतनी हमारी औकात नहीं है।

**नंदोत्सव:** भक्तों ने लूटी उछाल, शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

# गोविंद निकले नगर भ्रमण को दर्शन करने को उमड़े नर-नारी



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

गोविंददेवजी मंदिर में शुक्रवार को नंदोत्सव मनाया गया। भक्तों द्वारा बधाईगान किया और उछाल लुटाई गई। शाम को गोविंददेवजी को नगर भ्रमण करवाया गया। इस दौरान निकाली गई शोभायात्रा का भक्तों की ओर से जगह-जगह फूलों की बारिश करके स्वागत किया गया। सुबह ठाकुरजी का अभिषेक कर केसरिया रंग की पोशाक धारण करवाई गई।

ठाकुरजी का अधिवास पूजन किया गया, इसके बाद नंदोत्सव की विशेष झांकी के दर्शन हुए। इसमें ठाकुरजी को विशेष भोग लगाया गया। श्रृंगार झांकी के बाद तिल यवदान पूजन हुआ और नंदोत्सव का आयोजन किया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कपड़े, फल, टॉफी, खिलौने, नारियल आदि की उछाल लुटाई। भक्तों ने उछाल को प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। चौड़ा रास्ता स्थित मंदिर श्री राधा दामोदरजी में गुरुवार शाम को नंदोत्सव मनाया गया। मंदिर में रात तक भजन-संकीर्तन का आयोजन किया गया था।



फोटो: पंकज शर्मा

### 22 तरह की सजी झांकियों ने मोहा मन

नंदोत्सव पर शुक्रवार को निकाली गई गोविंददेवजी की शोभायात्रा में 22 अलग- अलग तरीके की सजी झांकियों ने भक्तों के मन मोहा। शोभायात्रा में अलग-अलग रंगों से सजे 2 हाथी, आधा दर्जन ऊंट-घोड़े, बैलगाड़ी शहनाई वादन के साथ गणेश जी की झांकी, तिरुपति बालाजी मंदिर की झांकी, सिंधी पंचायत कीर्तन मंडली समेत अन्य झांकियां शामिल थीं।

### फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले गोविंद

आराध्य देव गोविंददेवजी जब नगर भ्रमण पर निकले तो उनके दर्शनों के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। इनका भ्रमण मंदिर से शुरू होकर जलेब चौक, हवा महल, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, बगरू वालों का रास्ता होते हुए श्री गोपीनाथ जी के मंदिर तक निकाली गई। शोभायात्रा के लिए ठाकुर जी फूलों से सजे रथ पर विराजमान नजर आए। शोभायात्रा का भक्तों की ओर से जगह-जगह फूलों की बारिश करके स्वागत किया गया।

**अफसरों की कार्यशैली पर फिर सवाल**

# निगम की फाइलें लेकर घूम रहे बाहरी लोग: मुनेश

**बेधड़क** | जयपुर



हेरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर ने एक बार फिर निगम के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। महापौर मुनेश गुर्जर ने शुक्रवार को निगम के सरकारी दस्तावेज को बाहरी लोगों के हाथ में देने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि उनके पास लगातार हेरिटेज निगम में गडबड़ी की शिकायतें आ रही है। निगम में काम से संबंधित फाइल और कागज कार्यालय में ही रहनी चाहिए, लेकिन कुछ दस्तावेज बाहर भी भेजे गए हैं, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। चाहे वह नगर निगम का कोई बड़ा अधिकारी ही क्यों ना हो। महापौर ने कहा कि मैंने फिर से नगर निगम का चार्ज संभाला है।

उसके बाद से लगातार मुझे नगर निगम में हो रही गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। जब जांच शुरू की तो पता चला कि नगर निगम की सरकारी फाइलें बाहरी लोगों के हाथ में पहुंच रही है। कुछ लोग बाय हैंड फाइलें लेकर घूमते हैं, जबकि नगर निगम की फाइलें सरकारी दस्तावेज है। वह सिर्फ ट्रेकिंग के माध्यम से ही नगर निगम के किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास जा सकती है। इस पूरे मामले में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना लगती है।

इस संबंध में महापौर मुनेश गुर्जर ने मामले की जांच शुरू करने के साथ ही निगम आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत को भी जांच के लिए आदेश दिए हैं।

**करणी विहार थाने का मामला**

## पुलिस अधिकारी के खाते से दो लाख रुपए की ठगी

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए में तैनात पुलिस निरीक्षक बीएल मीणा के खाते से ठगों ने दो लाख रुपए निकाल लिए। इस संबंध में सीआई मीणा ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज कराया है। उनका बैंक खाता संख्या खातीपुरा सिरसी रोड स्थित एसबीआई शाखा में है। सात सितंबर को सुबह उनके मोबाइल पर ऑनलाइन दस हजार रुपए निकलने का मैसेज आया। बैंक में जाने पर पता चला किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से दस हजार रुपए का ट्रांजक्शन किया है, जबकि मीणा का एटीएम कार्ड और मोबाइल उनके पास ही था। उन्होंने पासबुक में एसबीआई मशीन से खाते का डिटेल लिया तो पता चला कि चार अगस्त से सात सितंबर तक अलग-अलग दिनों में एटीएम से अलग-अलग टुकडों में कुल दो लाख आठ हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक से पैसा निकालने वाले एटीएम की जानकारी निकाली है।


**साइबर ठगी में बाहरी राज्यों की मिलीभगत**

# बैंक अकाउंट सीज होने पर भी गारंटी से पहुंच रहा है ठगी का पैसा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में फैले साइबर ठगों के नेटवर्क को बाहरी राज्यों की भी मदद मिल रही है। गुरुवार को जयपुर के शिवदासपुरा थाने में मध्यप्रदेश से फर्जी सिम व फर्जी बैंक अकाउंट के एटीएम लाकर राजस्थान के साइबर ठगों को उपलब्ध करवाने वाले आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अहम खुलासे किए हैं। इसमें पता चला है कि आमजन से ई ठगी की वारदात करने में ना सिर्फ प्रदेश के ठगों का हाथ है, बल्कि बाहरी राज्यों के बैंकों में काम करने वाले कर्मचारियों की मिलीभगत भी इसमें सामने आ रही है।

आरोपी ने खुलासा किया है कि वह मध्य प्रदेश से बैंक में फर्जी अकाउंट खुलवाकर उसके एटीएम लेकर राजस्थान के ठगों को बेचता है, उसको बेचने के लिए साइबर ठग गिरोह को 15 दिन तक बैंक खाता बंद नहीं होने की गारंटी देता था। साथ ही यह भी गारंटी देता था कि ठगी का पीड़ित अगर नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल या पुलिस को रिपोर्ट करेगा तो भी ठगी का पैसा बदमाश का वह गारंटी से लाकर देगा।



### प्रति अकाउंट ले रहे 25 हजार रुपए

बाहरी राज्यों से फर्जी सिम और बैंक अकाउंट लाने वाले ठगों को गारंटी देते हैं कि उनका अकाउंट सीज हुआ तो भी गारंटी से पैसा मिलेगा। इसके बदले में वह प्रति अकाउंट का 25 हजार रुपए बदमाशों से लेते थे। ठगी करने वाले बदमाश अपना शिकार बनाने के बाद इन फर्जी अकाउंट्स में लाखों रुपए ट्रांसफर करवा लेते थे। पुलिस में शिकायत के बाद कोई खाता सील भी होता था मध्यप्रदेश के जिस बैंक में यह खाता खुला हुआ है, उसके कर्मचारी से सेटिंग कर वहां एमपी में मौजूद चैकबुक से बैंक में खाता सील करने की मेल पहुंचने के साथ ही पैसा निकलवा लेते थे। इसके बाद पैसा राजस्थान में बैठे ठग को कैश पहुंचा देते थे। ऐसे में जिस खाते का एटीएम सीज होने वाला होता था, उसका भी पैसा ठगों तक पहुंच रहा था। वहीं, बैंक कर्मी खाता सीज करने के प्रोसेस में ही इतना समय लगा देते थे कि ठगी एटीएम से भी पैसे निकाल लेता था।

### फर्जी आधार से खुलवा रहे खाता

बदमाश ने खुलासा किया है कि वह फर्जी आधार से खाता खुलवाते हैं। इसमें आधार का फ्रंट, जिसमें आधार नंबर किसी के और पीछे एड्रेस किसी ओर का लगाकर फर्जी आधार तैयार कर खाते खुलवाते हैं। वहीं, किसी का भी आधार नंबर लेकर फर्जी नाम, फोटो और पते से नकली डाक्यूमेंट तैयार कर यह खाते खुलवा रहे थे।

### लंबे समय से थी नजर

गौरतलब है कि सीआईडी सीबी ने गुरुवार को शिवदासपुरा थाना इलाके में एक युवक को गिरफ्तार कर कई बैंकों के 15 एटीएम कार्ड और 27 फर्जी सिम बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी मानसिंह पुत्र श्योदान सिंह (28) जो वार्ड नंबर 8 थाना गोविंदगढ़ अलवर का रहने वाला है, वह फर्जी एटीएम कार्ड मध्य प्रदेश से लाकर इन्हें अलवर के साइबर ठगों को देने जा रहा था। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल कमल सिंह को आरोपी मान सिंह के बारे में सूचना लगी थी। इस पर आईजी प्रफुल्ल कुमार, एडि.एसपी आशा राम चौधरी, निरीक्षक राम सिंह नाथावत, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल, रामनिवास की टीम ने इस युवक को पकड़ा।

## जरूरी खबर

### छेड़छाड़ से आहत छात्रा ने मौत को लगाया गले



**धौलपुर।** जिले में छेड़छाड़ से आहत होकर 9वीं क्लास की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पकड़ लिया और दोनों को पेड़ से बांधकर जमकर पीटा। मामला जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र का है, जहां चार लड़कों ने शुक्रवार को स्कूल से घर लौट रही छात्रा से छेड़छाड़ की। सीओ बाबू लाल मीणा ने बताया कि जब छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में बाइक सवार चार लड़कों ने उससे छेड़छाड़ की। छात्रा चीखने चिल्लाने लगी। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दो लड़कों को पकड़ लिया।

### ट्रेलर की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर घायल

**भीलवाड़ा।** जिले से गुजर रहे अजमेर–चित्तौड़गढ़ हाईवे पर शुक्रवार को एक बेकाबू ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर पति-पत्नी सवार थे। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई और पत्नी गंभीर घायल हो गई। पुर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि समोड़ी चौराहे के पास ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार प्रतापगढ़ धालापनी के नावड़ खेड़ी निवासी गोपाल पुत्र बाबूलाल मीणा व उसकी पत्नी राधा सवार थे। इस हादसे में गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत में राधा को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### युवक की हत्या के मामले में सहायक वनपाल गिरफ्तार



**झालावाड़।** अकलेरा कस्बे में गत 2 सितंबर को फॉरेस्ट कार्यालय के गेट पर सहायक वनपाल की कार में युवक योगेंद्र मीणा का शव मिलने के मामले में परिजनों ने सहायक वनपाल कैलाश मीणा पर हत्या का आरोप लगाया था। मामले में अनुसंधान के बाद पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी सहायक वनपाल मीणा निवासी इरली थाना क्षेत्र सारोला को गिरफ्तार कर लिया है। थाना अधिकारी लक्ष्मीचंद वर्मा ने बताया कि गोरियाखेड़ी निवासी योगेंद्र मीणा को कैलाश मीणा अपने साथ घर से लेकर गया था। रात 9 बजे तक भी जब वह घर नहीं पहुंचा, तो उसके पिता फॉरेस्ट कार्यालय पहुंचे, जहां कैलाश की गाड़ी में योगेंद्र का शव मिला था।

---

**संत खींवादास महाराज की 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धालुओं और दिग्गज राजनीतिज्ञों ने लगाई हाजिरी**

# सांगलिया धूणी में मन को सुकून और रोग से मिलती है मुक्ति

**बेधड़क | सीकर**

जिले में स्थित सांगलिया धूणी में खींवादासजी महाराज की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं का हुजूड़ा वहीं प्रदेश के दिग्गज राजनीतिज्ञों ने भी बाबा के दर पर हाजरी लगाई। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित अनेक दिग्गज नेता धूणी पहुंच और धोक लगाई।

कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी सांगलिया धूणी पहुंचे थे। शुक्रवार दोपहर प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ और उपनेता सतीश पूनिया ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सांगलिया धूणी जाकर खींवादासजी महाराज की समाधि पर धोक लगाई। दोनों नेताओं ने सांगलपति ओमदासजी महाराज से आशीर्वाद लिया और बंद कमरे में उनसे चर्चा की।

आयोजन के दूसरे दिन भी लगातार श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। सांगलिया धूणी पूरे भारतवर्ष में अपनी ही पहचान बनाए हुए है। यहां पर कदम रखते ही मानसिक व शारीरिक रूप से टूटे लोग जो पूर्ण आस्था रखते हैं, उन्हें यहां बहुत ही सुकून मिलता है। अपने आप में अनूठी अनुभूति होती है। यहां असाध्य रोगों से भी लोगों को छुटकारा मिलता है। मान्यता है कि बांझपन, पारिवारिक समस्या, सामाजिक बहिष्कृत लोगों, जादू-टोने के नाम से ठगे गए लोगों, नौकरी के लिए भटक रहे लोगों की समस्या यहां दूर हो जाती है।




### 350 साल पहले यहां आए थे सांगा बाबा

कहा जाता है कि सांगलिया धूणी में करीब 350 साल पहले सांगा बाबा आए थे। उनके नाम से ही सांगलिया गांव का नाम पड़ा, लेकिन धूणी पर माता की स्थापना व यहां पर लोगों को चमत्कार दिखाने का काम सबसे पहले बाबा लकड़दासजी ने ही किया था। खास बात ये है कि इस आश्रम में बनी रसोई में 24 घंटे चूल्हे चालू रहते हैं। यहां पूर्णिमा, अमावस्या व चतुर्दशी को मेला लगता है।

### हर साल आते हैं लाखों श्रद्धालु

सीकर जिले में स्थित सांगलिया धूणी धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं और धूणी में बनाई गई संतों की समाधियों पर मत्था टेककर मनौतियां मांगते हैं। सांगलिया धूणी धाम को श्रद्धालुओं की उम्मीद का ठिकाना कहा जाता है। माना जाता है कि यहां पैर पड़ते ही भक्तों को सुकून मिलता है। यही वजह है कि आज भी लाखों लोग प्रसिद्ध संत खींवादासजी महाराज के बताए मार्ग पर चल रहे हैं।

---

**सीपी जोशी और राजेंद्र राठौड़ ने राज्य सरकार पर बोला हमला**

# किसानों से की वादा खिलाफी... लाखों युवाओं के सपनों को रौंदा

**बेधड़क | सीकर**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ शुक्रवार को जिला कार्यालय पर आए। जिलाध्यक्ष पवन मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेताओं का स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती भी साथ रहे।

जोशी और राठौड़ ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की ओर से निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा राजस्थान के जन-जन के आशीर्वाद व स्नेह से आमजन की यात्रा बन गई है। यात्रा को प्रदेशवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

जोशी ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा भ्रष्टाचार व निकम्मी कांग्रेस सरकार की हमेशा के लिए विदाई का बड़ा कारण बनेगा। यात्रा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किसानों से वादा खिलाफी की और लाखों युवाओं के सपनों को रौंद दिया। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे है। इस सरकार ने राजस्थान के विकास को अवरूद्ध कर दिया है।

पेट्रोल-डीजल व बिजली सबसे महंगी कर दी। जोशी ने कहा कि पिछले कई दिनों से एंबूलेंस सेवा बंद होने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा रही हैं, जिसकी इस सरकार को कोई चिंता नहीं है।



### सनातन के खिलाफ बना रहे माहौल

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में माहौल बनाया जा रहा है कि सनातन को खत्म कर देंगे। सनातन को खत्म करने का प्रयास मुगलों, अंग्रेजों ने भी किया था, जिन्हे देश की जनता ने खदेड़ दिया। भारत की सनातन संस्कृति को मुगल ही समाप्त नहीं कर पाए तो कांग्रेस किस खेत की मूली है। सनातन भारत के रग-रग में बसा हुआ है, जिसे न तो कोई समाप्त कर पाया है ना ही कोई कर पाएगा।

### सरकार की विदाई के लिए कार्यकर्ता तैयार: राठौड़

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार को विदा करने के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ लगे हुए हैं और आगे भी लगे रहेंगे। गांव-ढ़ाणी तक कांग्रेस सरकार की नामामियां पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन संकल्प यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, जिले में यात्रा के आने पर पूरे जोश के साथ स्वागत करना है। जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने जोशी और राठौड़ का दूपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ चुनाव फतह की रणनीति में जुटे हुए हैं।

---

**बेजुबानों की जान के दुश्मनों को पकड़ा**

# दो शिकारी दबोचे... हिरण का बच्चा, मांस और हथियार बरामद



**बेधड़क | जैसलमेर**

जिले में वन क्षेत्रों में बेजुवानों की जान के दुश्मन दो शिकारियों को पकड़ा गया है। हिरण का शिकार करने वाले दो शिकारियों को पुलिस ने धर-दबोचा। शिकारियों के कब्जे से हिरण का एक जिंदा बच्चा और हिरण का मांस भी बरामद किया गया है। शिकारी को जैसलमेर के संतु राम की ढाणी से पकड़ा गया। कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों शिकारी ठाकराराम भील और रमेश के घरों सहित अन्य जगहों की तलाशी शुरू की है। वहीं कोतवाली पुलिस ने वन विभाग की टीम को भी सूचना दी है।

वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो शिकारी हिरण का मांस पकाने की तैयारी कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार सुबह टीम के साथ संतुराम की ढाणी में दबिश दी। इस दौरान दो शिकारी थाली में मांस लेकर उसको पकाने की तैयारी कर रहे थे।

पुलिस की टीम ने दोनों को पकड़ा। बाद में दोनों आरोपियों के घर की भी ली गई। शिकारी के घर की तलाशी के दौरान एक हिरण का 2 साल का बच्चा भी बरामद हुआ। शिकारियों ने बताया कि वे इसको पालने के लिए लाए हैं। पुलिस ने हिरण के मांस के साथ दोनों को पकड़ा और वन विभाग को मौके पर बुलाया। शिकारियों ठाकराराम भील और रमेश ने बताया कि जैसलमेर से 12 किमी दूर एक खेत में उन्होंने तारबंदी में फंसे हिरण को डंडे से मारा और छुरी से उसको काटा। मौके से छुरी और बोलेरों कार भी बरामद की गई।

---

**हाईवे के पास खाई में गिरी कार में लग गई थी आग**

# पुलिस जवानों की सजगता व सूझबूझ से बची दो जिंदगियां

**बेधड़क | झालावाड़**

जिले के भालता थाने में तैनात दो जवानों की सूझबूझ और सजकता से दो लोगों की जान बच गई। पुलिस अधीक्षक झालावाड़ रिचा तोमर ने बताया कि जिले के भालता थाने में तैनात पुलिसकर्मी नाथूराम तथा सियाराम तड़के 4 बजे सरड़ा चौकी से भालता थाने की ओर सरकारी वाहन से आ रहे थे।

इस दौरान नेशनल हाईवे के समीप एक कार खाई में पलटी हुई दिखाई दी। कार के दोनों इंडिकेटर जल रहे थे, वहीं कार के बोनट से धुआं के साथ आग की लपटें निकल रही थी। नजदीक जाने पर कार के अंदर दो लोग फंसे हुए दिखाई दिए। दुर्घटना के बाद एयर बैलून के खुलने से कार का गेट भी लॉक हो चुका था। बाद में दोनों जवानों ने आनन-फानन में कार के गेट को खोलकर खानपुर निवासी कमलेश पंकज तथा उसके साथी सुरेंद्र सिंह को बाहर निकाला तथा बोनट में लगी आग को मिट्टी डालकर बुझाया।



मौके से गुजर रहे वाहन से दोनों को अकलेरा चिकित्सालय पहुचाया गया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सालय से छुट्टी दे दी गई।

---

## पांच ओवरलोड वाहनों पर 2 लाख का जुर्माना लगाया

**पाटन।** परिवहन विभाग ने शुक्रवार को पांच ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते हुए दो लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। परिवहन विभाग के उप निरीक्षक रोबिन सिंह ने बताया की ओवरलोड वाहनों के खिलाफ जब कार्रवाई शुरू की जाती है तो वाहन चालक अन्य चालकों सूचित कर देते हैं और चालक वाहनों को छोड़कर फरार हो जाते हैं। ऐसे में अधिकांश वाहन कार्रवाई से बच जाते हैं। शुक्रवार को परिवहन विभाग एवं पुलिस टीम को रैला माइनिंग जॉन में पांच ओवरलोड वाहन पाए गए। इनसे दो लाख रुपए का जुर्माना वसूला।

---

## गोगामेड़ी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब



**चूरू।** *जिले में गोगानवमी पर्व शुक्रवार को भक्ति-भाव से मनाया गया। इस मौके पर गोगामेड़ी में लोक देवता गोगाजी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं हुजूम उमड़ा। इस मौके पर निशान लेकर आए भक्तों का जनप्रतिनिधियों, पार्टी व संगठन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। भाजपा के पराक्रम राठौड़, कांग्रेस के तनवीर खान व चूरू सभापति पायल सैनी ने साफा, माला पहना और स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया।*

---

**नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...**

# मथुराधीश के दरबार में नंदोत्सव की धूम, गूंजे जयकारे

**बेधड़क | कोटा**

स्वर्ण जड़ित पालने में बाल कृष्ण को झूला झूलाते श्रद्धालु, भजनों से गूंजते मन के भाव और चहूंओर उत्सवी रोनक। ऐसा ही कुछ नजारा शुक्रवार को कोटा के मथुराधीश मंदिर में नजर आया।

यहां मौके था जन्माष्टमी पर्व के दूसरे दिन नंदोत्सव का। इस दौरान हर भक्त श्रीकृष्ण की भक्ति और उनके जन्म के उल्लास में खोया नजर आया। ठाकुर श्रीमथुराधीश के दर्शन के लिए पाटनपोल में श्रद्धालुओं की कतारें लगी नजर आई। भक्त ठाकुरजी का नाम संकीर्तन करते हुए दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। भक्तों की कतारें मथुराधीश मंदिर से भूरिया गणेश जी तक पहुंच गईं। पूरे नंदग्राम में मथुराधीश प्रभु के जयकारे गूंज रहे।

वहीं जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल और अल्पाहार की व्यवस्था भी विभिन्न संगठनों व सेवाभावी भक्तों की ओर से की गई। वहीं व्यापारियों ने भक्तों के लिए कूलर तथा पंखे लगाए। फूलों से सजे नंदग्राम में भीनी-भीनी खुशबू महक रही थी। माहौल पूरी तरह से श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी से सरोबार नजर आया।



### ठाकुरजी के दर्शनों के लिए उमड़े भक्त

मंदिर में सुबह से ही ठाकुरजी स्वर्ण जड़ित पलना में विराजमान रहे। उनकी एक झलक पाने के लिए भक्त पूरे दिन उमड़ते रहे। नंदोत्सव के दौरान बधाइयां गूंजती रहीं। प्रथम पीठ युवराज गोस्वामी मिलन कुमार बाबा ने मथुराधीश प्रभु की स्त्री भाव से सेवा की। उन्होंने यशोदा का रूप धरकर लाला को पालने में झुलाया। वहीं मुखिया जी नन्दराय और सभी सेवक ग्वाल बाल बने। इस दौरान लाला को तरह-तरह के खिलौने से खिलाया और उनके लाड़ लड़ाए गए। उत्सव के दौरान हल्दी मिला हुआ दूध, दही उछाला गया तो भक्त भी नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... का उदघोष करते हुए आनंद से झूम उठे। मंदिर में प्रभु का संकीर्तन हर किसी को भाव विभोर कर रहा था।

### दोपहर 1.30 बजे हुए आरती दर्शन

उत्सव के बीच सुबह से दोपहर 1.30 बजे तक मंदिर में मंगला, धूप, शृंगार व राजभोग आरती के दर्शन हुए। भक्त शाम को संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठाकुर श्रीमथुराधीश के दर्शन करने पहुंचे। वहीं माता यशोदा का प्रतिरूप बने मिलन कुमार बाबा के दर्शन और आशीर्वाद के लिए भी भक्तों का तांता लगा रहा। इधर, तलवंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भी भक्तों का तांता सुबह से ही लगा रहा। ठाकुर जी की झलक पाने को भक्त आतुर नजर आए। यहां शाम को नंदोत्सव मनाया जाएगा और प्रभु को पालने में झूला झुलाया जाएगा।

---

# शिक्षा से समाज उत्थान में भागीदारी का आह्वान




**बेधड़क | जोधपुर**

57वें अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों हुआ। इसके अन्तर्गत जोधपुर शहर के समस्त ब्लॉकों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। सप्ताह का समापन समारोह शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़ में आयोजित किया गया। इसमें छात्रा-छात्राओं सहित 300 से अधिक संभागियों ने हिस्सा लिया।

इसमें नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई तथा साक्षरता एवं शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही जिला स्तर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं मानव श्रृंखलाओं आदि का आयोजन किया गया। सुबह सत्र में छात्र-छात्राओं, स्टाफ साक्षरता अलख जगाने के लिए साक्षरता की शपथ दिलाई गई।

### नन्हे बच्चों ने मनाई कान्हा के आगमन की खुशियां, छाई नंदोत्सव की धूम

# राधा-कृष्ण बने बच्चों के उल्लास और अठखेलियों से छाया आनंद

बेधड़क | जयपुर

नन्दोत्सव के अवसर पर मानसरोवर स्थित वर्धमान इंटरनेशनल विद्यालय में रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में नन्हे बच्चों ने अपना टैलेंट दिखाया। प्री प्राइमरी तथा प्राइमरी के नन्हे मुन्ने विद्यार्थी राधा, कृष्णा, बलराम, सुदामा, मां यशोदा, नंद बाबा की पोशाक पहन कर विद्यालय पहुंचे।

विद्यालय की डायरेक्टर नम्रता सेठिया एवं प्रधानाध्यपिका मालिनी मलिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को कृष्ण की बाल लीलाओं की जानकारी दी व जन्माष्टमी महोत्सव के बारे में बताया।

बच्चों ने राधा-कृष्ण के मधुर गीतों पर नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। 'हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की' के उद्घोष से कार्यक्रम में जोश भर दिया।



### कृष्ण जन्म पर हुई कई प्रतियोगिताएं



39वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल परिसर चौंप स्थित अंकुर बाल वाहिनी में बच्चों ने भगवान कृष्ण के जन्म का त्योहार उल्लास के साथ मनाया। यहां नन्हे बच्चे आकर्षक परिधानों में सज धज कर पहुंचे। इस दौरान विभिन्न खेलों के माध्यम से बच्चों ने परिसर को उल्लास से भर दिया। स्कूल प्रबंधन की ओर से नन्दोत्सव की बधाई के रूप में बच्चों को उपहार दिए गए।

## Yuva स्टोरीज



**संयुक्त सचिव ने किया एनआईए का दौरा |**
**जयपुर।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के संयुक्त सचिव विश्वजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया। सयुंक्त सचिव का स्वागत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने किया एवं संस्थान की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रो. सिंह को संस्थान में आयुर्वेद के माध्यम से किए जा रहे रोगियों के सफल इलाज और उसमे काम आ रही आधुनिक तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पेशेंट केयर फैसिलिटीज, एकेडमिक प्रोग्रेस व अनुसंधान गतिविधियों के साथ पंचकर्म विभाग एवं अन्य विभागों के बारे में बताया। प्रो. सिंह ने संस्थान में आयुर्वेदिक दवाइयों के निर्माण, मरीज को निशुल्क औषधी वितरण और वार्ड में भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता को भी देखा। वे संस्थान की सिम्यूलेशन लैब को देखकर प्रभावित हुए। साथ ही संस्थान की ओर से पेशेंट केयर के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



**निशुल्क चिकित्सा शिविर में 80 लाभान्वित |**
**जयपुर।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर पीयूष मेडीलाइट हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. नम्रता जैन और कंसलटेंट डॉ. गणेश गुर्जर ने मरीजों का उपचार किया तथा फिजियोथैरेपी की उपयोगिता बताई। उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम को सबसे जरूरी बताया। साथ ही शिविर में पहुंचे लोगों को हेल्दी लाइफ स्टाइल के टिप्स दिए। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. योगेश गुप्ता और डॉ. हर्षदा द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन के बाद फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति में बेहद कारगर साबित हो रही है।

### लेवल-1 की तीसरी प्रोविजनल लिस्ट जारी

## कोर्ट जाने वाले अभ्यर्थी भी लिस्ट में शामिल

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा लेवल-1 की एक और प्रोविजनल लिस्ट जारी कर दी है। इस नई लिस्ट में राजस्थान हाई कोर्ट में सिविल याचिका दायर करने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता को निरस्त नहीं करते हुए उन्हें प्रोविजनल लिस्ट में शामिल किया गया है। इन अभ्यर्थियों को कोर्ट के अंतिम फैसले के बाद पोस्टिंग दी जाएगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 31 अगस्त को शिक्षक भर्ती परीक्षा लेवल-1 का फाइनल रिजल्ट जारी किया था। इसमें 21 हजार पदों पर 19086 अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। इनमें नॉन टीएसपी के 19192 पदों पर 17685 अभ्यर्थियों का सिलेक्शन हुआ था। इस लिस्ट में टीएसपी के 1808 पदों पर 1401 अभ्यर्थियों का सिलेक्शन किया गया था। प्रोविजनल लिस्ट में वे 1481 अभ्यर्थी भी शामिल थे जिनके डॉक्यूमेंट्स में वेरिफिकेशन के दौरान कमियां पाई गई थी। इनको अगले सात दिनों में एक बार फिर डॉक्यूमेंट वेरिफाई कराने का मौका दिया गया था।

**ये रही लेवल-1 कट ऑफ**

| क्षेत्र | कटऑफ |
|---|---|
| सामान्य | 195.3846 |
| ओबीसी | 187.9231 |
| ईडब्ल्यूएस | 181.2479 |
| एमबीसी | 185.6197 |
| एससी | 173.2436 |
| एसटी | 156.0385 |

### अब तक इन पदों पर चयन

नॉन टीएसपी में सामान्य शिक्षा में 17563 पदों पर 16199 का सिलेक्शन हुआ है। टीएसपी में 1570 पदों पर 1341 का सिलेक्शन हुआ है। विशेष शिक्षा में नॉन टीएसपी में एमआर के 930 पदों पर 862 का सिलेक्शन हुआ है। वीआई के 208 पर 184 का सिलेक्शन हुआ है। एचआई के 491 पर 440 का सिलेक्शन हुआ है। टीएसपी में एमआर के 155 पदों पर 18 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। वीआई के 32 पदों पर 11 व एचआई के 51 पदों पर 31 अभ्यर्थियों का सिलेक्शन हुआ है।

### संस्थानों में चल रहा प्रतियोगिताओं का दौर

# स्टूडेंट्स ने बताया नजरिया ‘ऐसा हो हमारा राजस्थान’

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान मिशन-2030 के तहत शहर के शिक्षण संस्थानों में निबंध व भाषण प्रतियोगिताओं में स्टूडेंट्स के रचनात्मक विचार सामने आ रहे हैं। रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में मिशन-2030 के तहत पिछले एक सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा वार क्विज में स्टूडेंट्स से राजस्थान से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से जनरल नॉलेज की जांच की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशी अग्रवाल, द्वितीय स्थान यशीता वर्मा व तृतीय स्थान छवि सोनी ने प्राप्त किया।

इसके बाद हुई निबंध प्रतियोगिता के दो चरणों में प्रदर्शन के आधार पर विजेता घोषित किए गए। कक्षावार प्रतियोगिता में संगीता यादव प्रथम, दिशका साहू द्वितीय व खुशबू अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ‘2030 में कैसा होगा मेरा राजस्थान’ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें कौमुदी वर्मा प्रथम, चहक कुमावत द्वितीय व कामिनी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। मिशन के तहत स्टाफ सदस्यों के सुझाव भी आमंत्रित किए हैं।








### विकास में स्किल्स की भूमिका पर विचार

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राजस्थान मिशन 2030 के तहत ‘विकसित राजस्थान बनाने में कौशल प्रशिक्षण की भागीदारी’ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक व आईसीटीएसएम के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। संस्थान में शुक्रवार को ‘टेक फेयर मिशन-2030’ का आयोजन किया गया जो शनिवार को भी जारी रहेगा। फेयर में संस्थान सहित आसपास के स्कूलों के शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। फेयर में इन्हें तकनीकी संस्थानों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही ये मिशन के संबंध में अपने सुझाव भी दे सकेंगे। सोमवार को संस्थान की ओर से ‘कौशल प्रशिक्षण की भागीदारी व 2030 में कैसा हो हमारा विभाग’ विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## पैलेस स्कूल को मुंबई में मिला सिंघानिया एजुकेशन एक्सीलेंस-2023 अवॉर्ड



बेधड़क | जयपुर

मुंबई के राजभवन में आयोजित सिंघानिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवाड्‌र्स-2023 में जयपुर के दी पैलेस स्कूल को शिक्षा में उत्कृष्टता का एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड दिया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस व शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने स्कूल की प्राचार्या उर्वशी वर्मन ने पुरस्कार ग्रहण किया। समारोह में भारत के 50 स्कूलों के शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। उर्वशी वर्मन ने बताया कि हमें एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त करने पर गर्व है। स्कूल की यह उल्लेखनीय उपलब्धि नवीन और सहयोगात्मक शिक्षा प्रणालियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।



### आवासन मंडल सीधी भर्ती परीक्षा शुरू

## 63.19% अभ्यर्थियों ने दी पहले दिन परीक्षा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से ली जा रही सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के पहले दिन शुक्रवार को दोनों पारियों में प्रदेश भर में कुल 10 हजार 626 छात्र छात्राओं ने ऑनलाइन परीक्षा दी। पहले दिन परीक्षा के लिए 16 हजार 814 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। परीक्षा में उपस्थिति 63.19 प्रतिशत रही। परीक्षा के पहले दिन पहली पारी के लिए प्रदेश के कुल 58 परीक्षा केंद्रों के लिए 9100 कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिसमें से 6 हजार 189 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पारी में 49 परीक्षा केंद्रों के लिए 7 हजार 714 कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिनमें से 4 हजार 437 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों की लाइव टेलीकास्टिंग और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते पहले दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। प्रदेश में 3 जिलों जयपुर, जोधपुर व उदयपुर में परीक्षा आयोजित की गई। आगामी 3 दिन यह परीक्षा निरंतर ऑनलाइन संचालित होगी। सी-डैक (सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग) द्वारा ली जा रही सीधी भर्ती परीक्षा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजामात किए गए हैं। सभी केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके अलावा पर्याप्त पुलिस बल और फ्लाइंग स्क्वॉड की तैनाती भी की गई है। सुरक्षा के लिए प्रत्येक केंद्र का लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। मंडल मुख्यालय पर स्थापित कमांड सेंटर से सभी केंद्रों की निरंतर मॉनिटरिंग भी की गई। गौरतलब है कि 258 पदों के लिए कुल 59 हजार 968 परीक्षार्थियों ने आवेदन किए थे।

### पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण

परीक्षा पर लाइव टेलीकास्ट के जरिए पैनी नजर रखने के लिए मंडल मुख्यालय पर स्थापित कमांड सेंटर में भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन ने निरीक्षण कर परीक्षा प्रक्रिया को जाना। भर्ती परीक्षा के पहले दिन अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सचिन मित्तल, आईपीएस गोविंद गुप्ता, संजय अग्रवाल और राजस्थान कर्मचारी चयन भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने लाइव टेलीकास्ट के जरिए सभी केंद्रों पर नजर रखने की पहल को सराहा। मंडल सचिव अल्पा चौधरी ने उन्हें पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।



**न्यू-ट्रेंड** | **एमबीए में इंजीनियर्स का दबदबा हो रहा कम**

# IIM’s का ट्रेंड बदला, बढ़ रहे नॉन-इंजीनियर स्टूडेंट्स

बेधड़क | जयपुर

एक समय था जब देश के भारतीय प्रबंध संस्थानों को (IIM) पुरुष प्रधान संस्थान माना जाता था। पुरुषों के अनुपात में नाममात्र की महिलाएं IIM में एमबीए कोर्सेज में प्रवेश लेती थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास किया गया और अब स्थिति बेहतर है।

इसके साथ ही एक और विसंगति IIM से दूर हो रही है। यह विसंगति है प्रमुख एमबीए कार्यक्रमों में इंजीनियरों का प्रभुत्व। बैच प्रोफाइल, एडमिशन ऑफिसेज और मीडिया नोट्स के डेटा विश्लेषण से सामने आया है कि देश के छह IIM में इस वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स में प्रवेश लेने वाले लगभग 40 प्रतिशत स्टूडेंट गैर-इंजीनियर थे, जो पिछले वर्षों के रिकॉर्ड की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। दरअसल, CAT परीक्षा के साथ-साथ प्रवेश नीतियों में बदलाव के कारण इस प्रवृत्ति में गिरावट आई है। IIM कक्षाएं अब अधिक विविधतापूर्ण होती जा रही हैं, जिसका नतीजा है कि अन्य योग्यताओं वाले कैंडिडेट्स का एमबीए कोर्सेज में प्रवेश बढ़ा है।



### अहमदाबाद में 42% छात्र इंजीनियर नहीं

IIM अहमदाबाद के स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 2022-24 बैच में 133 छात्र नॉन इंजीनियर्स थे जो कुल छात्रों के 33.5 प्रतिशत थे। इनमें से अधिकांश ने कला, वाणिज्य, विज्ञान, प्रबंधन जैसे विषयों से स्नातक किया था। वर्तमान सत्र में यह संख्या 28.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ 171 हो गई। यह कुल छात्रों का 42 प्रतिशत है। वर्तमान बैच के 74 प्रतिशत उम्मीदवारों के पास चिकित्सा, बहुराष्ट्रीय निगमों, पीएसयू, शिक्षण, अंतरिक्ष अनुसंधान, सरकारी सेवाओं, गैर-लाभकारी संगठनों, रक्षा सेवाओं, गेमिंग, प्रौद्योगिकी, बैंकिंग जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य अनुभव भी है। IIM कोझिकोड में नॉन इंजीनियर्स की संख्या इस साल 28.4 प्रतिशत बढ़कर 218 से 280 हो गई है। IIM संबलपुर में नए बैच में से लगभग आधे इंजीनियर नहीं हैं।

### बेंगलुरु में सबसे ज्यादा संख्या

IIM बेंगलुरु के 2023-25 बैच के 532 स्टूडेंट्स में से केवल 90 छात्र नॉन इंजीनियर्स हैं। बाकी सभी इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के छात्रों को यहां प्रवेश मिला है। नॉन इंजीनियर 90 छात्रों में से सबसे अधिक 52 ने वाणिज्य विषयों का अध्ययन किया है जबकि 20 कला और मानविकी से हैं। शेष 18 छात्र विज्ञान, कानून और अन्य विषयों से आए हैं।

### संस्थानों ने भी उठाए कदम

कुछ IIM ने CAT के इंजीनियरिंग पूर्वाग्रह का मुकाबला करने के लिए जानबूझकर कदम उठाए हैं। सभी छात्रों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। शैक्षणिक विविधता के अंक प्रत्येक परिसर के लिए अलग-अलग होते हैं। प्रवेश नीति के अनुसार, IIM लखनऊ लेखन क्षमता परीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार और अंतिम चयन चरणों में शैक्षणिक विविधता को 5 प्रतिशत और 2.5 प्रतिशत वेटेज देता है। इसी के चलते वर्तमान बैच में यहां 44 प्रतिशत छात्र नॉन इंजीनियर्स हैं। व्यावहारिक रूप से भी एमबीए के सभी विषय गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं।

| इंस्टीट्यूट | नॉन-इंजीनियर्स | बैचसाइज | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | 171 | 408 | 42 |
| बेंगलुरु | 90 | 532 | 17 |
| कोझीकोड | 280 | 483 | 58 |
| लखनऊ | 251 | 573 | 43.8 |
| संबलपुर | 160 | 323 | 49.5 |
| काशीपुर | 151 | 321 | 47 |

## 'भारत मंडपम' के द्वार पर लगाई 28 फीट ऊंची 'नटराज' की प्रतिमा

# जी-20 सम्मेलन और शिव-शक्ति




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


दिल्ली में होने जा रहा जी-20 सम्मेलन इस बार सनातन संस्कृति की छाया में होगा। इसी भाव को दृष्टिगत रखते हुए शिखर सम्मेलन स्थल पर भगवान शिव की 28 फीट ऊंची 'नटराज' प्रतिमा को प्रतीक रूप में स्थापित किया गया है। इस प्रतिमा में शिव के तीन प्रतीक-रूप परिलक्षित हैं। ये उनकी सृजन यानी कल्याण और संहार अर्थात विनाश की ब्रह्मांडीय शक्ति का प्रतीक हैं। अष्टधातु की यह प्रतिमा प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम' के द्वार पर लगाई गई है।

इस प्रतिमा की आत्मा में सार्वभौमिक स्तर पर सर्व-कल्याण का संदेश अंतर्निहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी शाश्वत दर्शन से भारतीय संस्कृति के दो सनातन शब्द लेकर 'वसुधैव कुटुंबकम्' के विचार को सम्मेलन शुरू होने के पूर्व प्रचारित करते हुए कहा है कि 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह ऐसा सर्वव्यापी और सर्वकालिक दृष्टिकोण है, जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन नहीं है। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह विचार मानव केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम एक धरती के रूप में मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, जिससे सब एक-दूसरे के सहयोगी बने रहें और समान एवं उज्जवल भविष्य के लिए एक साथ आगे बढ़ते रहें। विश्व कल्याण का यह विचार आज तक किसी अन्य देश के राष्ट्र प्रमुख ने नहीं दिया, क्योंकि ये देश असमानता के संदर्भ में ही अपने पूंजीवादी, बाजारवादी और उपभोक्तावादी एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं।

> शिव के 'नटराज' रूप की प्राचीन कथा स्कंद पुराण मिलती है। यह शिव के थिलाई-वन में घूमने और इसी वन में ऋषियों के एक समूह के रहने से जुड़ी है। थिलाई वृक्ष की एक प्रजाति है, जिसका चित्रण मंदिर की प्राचीरों पर भी है। परिवार सहित रहने वाले ये ऋषि मानते थे कि मंत्रों की शक्ति से देवताओं को वश में किया जा सकता है। एक दिन शिव दिगंबर रूप में आलौकिक सौंदर्य और आभा के साथ इस वन से गुजरे। शिव के इस मोहक रूप से ऋषि पत्नियां मोहित हो उठीं और यज्ञ एवं साधना से विचलित होकर शिव के पीछे दौड़ पड़ीं। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से साधुगण क्रोधित हो उठे और उन्होंने मंत्रों का आह्वान कर शिव के पीछे विशैले सर्प छोड़ दिए।

भगवान शिव का विश्व के केंद्र बिंदु पर तांडव नृत्य करना ही इस तथ्य का ठोस प्रतीक है कि नटराज-प्रतिमा का संबंध प्रकृति और उसके भूगोल से है। शिव ने यह नृत्य केरल के चिदंबरम् नामक स्थल पर किया था। इस स्थान को विश्व का केंद्र बिंदु माना जाता है। इस क्षेत्र में शिव के पांच मंदिर हैं, जो पंच तत्वों के प्रतीक हैं। यहीं पल्लव व चोल राजाओं द्वारा निर्मित यह विशाल मंदिर है। यह आकाश तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें शैव व वैष्णव दोनों ही मतों के देवता प्रतिष्ठित हैं। शिव के 'नटराज' रूप की प्राचीन कथा स्कंद पुराण मिलती है। यह शिव के थिलाई-वन में घूमने और इसी वन में ऋषियों के एक समूह के रहने से जुड़ी है। थिलाई वृक्ष की एक प्रजाति है, जिसका चित्रण मंदिर की प्राचीरों पर भी है। परिवार सहित रहने वाले ये ऋषि मानते थे कि मंत्रों की शक्ति से देवताओं को वश में किया जा सकता है।

एक दिन शिव दिगंबर रूप में आलौकिक सौंदर्य और आभा के साथ इस वन से गुजरे। शिव के इस मोहक रूप से ऋषि पत्नियां मोहित हो उठीं और यज्ञ एवं साधना से विचलित होकर शिव के पीछे दौड़ पड़ीं। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से साधुगण क्रोधित हो उठे। उन्होंने मंत्रों का आह्वान कर शिव के पीछे विषैले सर्प छोड़ दिए। शिव ने सर्पों को गहना मानकर एक को गले में, एक को शिखा पर और एक को कमर में धारण कर लिया। शिव का यह उपक्रम वन्य जीवों के संरक्षण द्योतक है। ऋषि और अधिक क्रोधित हुए। उन्होंने मंत्रसिद्धी से एक बाघ उत्पन्न कर शिव के पीछे दौड़ा दिया। शिव ने बाघ को मारकर उसकी चमड़ी उधेड़ी और कमर में वस्त्र के रूप में पहन ली। यह प्राकृतिक रूप से सभ्यता की ओर बढ़ने वाला पहला कदम था। अंत में ऋषियों ने अपनी सभी तांत्रिक शक्तियों का प्रयोग कर एक शक्तिशाली अपस्मरा नामक राक्षस सृजित किया। यह राक्षस अज्ञानता और अभिमान का प्रतीक है। शिव सरल मुस्कान के साथ इसकी पीठ पर चढ़ जाते हैं और नृत्य करने लगते हैं। शाश्वत आनंद का यह नृत्य कुछ और नहीं अहंकार त्याग कर सहज रूप में जीवन जीने का संदेश है, जो ऋषियों के तप-अनुष्ठान से भिन्न मार्ग है।



> दरअसल, शिव की खुली जटाएं, नेत्रों से झलकता आवेग, बालक की पीठ पर सधे हुए एक पैर से नृत्य का संयोजन और स्थिर मुद्रा भाव, वैसे तो तांडव नृत्य है, लेकिन जब इसी मुद्रा को मूर्त रूप दिया जाता है तो ये कहलाते हैं, नटराज। नटराज का शाब्दिक अर्थ है, 'नृत्य करते देवता' या 'देवता का नृत्य'। पत्थर पर उत्कीर्ण ये कलाकृतियां प्राचीनतम रूप में अजंता और एलोरा की गुफाओं में मिलती है। धातु और लकड़ी की भी ये मूर्तियां बनाई जाती हैं।

कलात्मक ढंग से जीने का सत्य-चित्त आनंद अर्थात सच्चिदानंद के साथ जीना ही श्रेयष्कर है। इन सबको शिव के वशीभूत देखा, ऋषि ईश्वर को ही सत्य मानते हुए शिव के समक्ष समर्पण कर देते हैं। इस घटना के परिप्रेक्ष्य में ही माना गया कि मानव सभ्यता का विकास मंत्र सिद्धि (जादू) धर्म और विज्ञान के मार्ग से हुआ है। हम जानते हैं कि एक समय भौतिक रूप में पाषाण-युग था। सभ्यता के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से यही मंत्र सिद्धि या जादुई (तिलिस्म) युग था। हालांकि मंत्र सिद्धि परोक्ष रूप से प्रकृति की सत्ता के रहस्यों को उद्घाटन करने का उपक्रम भी है। इसीलिए मंत्रों के बूते प्रकृति को नियंत्रित करने के उपाय निरंतर होते रहे हैं। जादुई युग के बाद धर्म के आगमन के साथ समाज में साझा जीवन का आरंभ हुआ। यहीं से सृष्टि और मानव को बड़े परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की शुरुआत हुई, लेकिन कुछ जड़ताएं भी समानांतर पनपीं और चलीं। विज्ञान के आगमन ने अनेक जड़ताओं को तोड़ा और जीवन को सहज व सरल बनाने में अहम भागीदारी निभाई।

बावजूद हम देखते हैं कि चमत्कार और अंधविश्वास भी अपनी जगह बने हुए हैं, क्योंकि विज्ञान सामाजिक चेतना का हिस्सा अभी तक नहीं बन पाया है। अब नटराज मूर्ति में प्रकृति के रूप को देखते हैं। मूर्ति में शिव की उलझी हुई खुली जटाएं, नेत्रों में आक्रोश और दानव की पीठ पर सधे हुए नृत्य के प्रकटीकरण की मुद्रा को शिव के तांडव नृत्य के रूप में देखा जाता है, परंतु जब इसी मुद्रा को मूर्त रूप दिया जाता है, तब यह नटराज की मुद्रा में नृत्य कहलाता है। भारतीय मूर्तिकला का एक समृद्ध इतिहास रहा है और इस इतिहास की परंपरा में सबसे महत्वपूर्ण नटराज की मूर्ति को ही माना जाता है। नटराज की महिमा भारत से लेकर चीन, जापान और यूरोपीय देशों में भी है।

बौद्ध धर्मावलंबियों द्वारा मान्यता दिए जाने से बौद्ध-बहुल देशों में भी मूर्ति का महत्व प्रचलन में है। नटराज प्रतिमा के वृत्ताकार घेरे में चारों तरफ अलंकृत अग्नि व मछली जैसे चिह्न प्रस्तुत हैं। ये निशान पृथ्वी पर जीवन और विनाश को प्रदर्शित करने के प्रतीक हैं। नटराज के ऊपर अर्द्धचंद्र व जटाओं में गंगा, ब्रह्मांड व पृथ्वी की सृजन का बयान करते हैं। नटराज के दाहिने हाथ में डमरू अभय मुद्रा का प्रदर्शन है। यह विश्व में घटित होने वाले घटनाचक्रों का भी प्रतीक है। यहां एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य है कि जब शिव नटराज की मुद्रा में होते हैं, तब उनके हाथ में त्रिशूल नहीं होता है। बाईं भुजा में आधृत अग्नि शिव के रौद्र रूप के साथ, जीवन की आवश्यकता की प्रतीक है। अर्थात अग्नि के जीवन से जुड़े महत्व को प्रकट करती है। आमतौर से नटराज की मूर्ति को एक बालक पर खड़े होकर नृत्य करते दिखाया गया है, यह बालक के रूप में अपस्मरा नामक दानव का वध है। दरअसल, शिव की खुली जटाएं, नेत्रों से झलकता आवेग, बालक की पीठ पर सधे हुए एक पैर से नृत्य का संयोजन और स्थिर मुद्रा भाव, वैसे तो तांडव नृत्य है, लेकिन जब इसी मुद्रा को मूर्त रूप दिया जाता है तो ये कहलाते हैं, नटराज। नटराज का शाब्दिक अर्थ है, 'नृत्य करते देवता' या 'देवता का नृत्य'।

पत्थर पर उत्कीर्ण ये कलाकृतियां प्राचीनतम रूप में अजंता और एलोरा की गुफाओं में मिलती है। धातु और लकड़ी की भी ये मूर्तियां बनाई जाती हैं। मूर्ति के इस स्वरूप वर्णन से स्पष्ट होता है कि शिव की यह नटराज प्रतिमा एक तरह से प्रकृति का अव्यक्त रूप भी है। अर्थात अव्यक्त प्रकृति से महत्व और महत्तत्व से अहंकार उत्पन्न होता है। इस अहंकार तत्व के अधिष्ठाता शिव है। अवतारवाद की सभी कथाओं में विष्णु के नाभि-कमल से ब्रह्मा तथा ब्रह्मा के क्रोध से रुद्र अर्थात शिव की उत्पत्ति का वर्णन है।

त्रिदेवों के इस प्रादुर्भाव के क्रम में विष्णु प्रथम, ब्रह्मा द्वितीय और महेश यानी शिव तृतीय स्थान पर अपने-अपने जन्म की वरिष्ठता के अनुसार हैं। अतएव त्रिदेव की कल्पना में ब्रह्मा सृष्टि की रचना, विष्णु सृष्टि के पालन और शिव संहारक अर्थात प्रलय करने करने वाले देवता माने गए हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि विश्व कल्याण के लिए आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रतीक स्वरूप शिव के नटराज रूप की प्रतिमा प्रासंगिक है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## नॉलेज कॉर्नर: बिहार और उत्तरप्रदेश की सीमा पर बसा यह गांव

# भारत का सबसे बड़ा गांव है 'गहमर'

भारत देश पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान के कारण जाना जाता है। यहां का सात्विक खान-पान, लोगों का मिलनसार व्यवहार और संस्कृति विश्वभर में प्रसिद्ध है। यही कारण है कि आए दिन विदेशी पर्यटक भी भारत भ्रमण कर यहां की संस्कृति से रूबरू होते हैं। कहते हैं कि हमारा असली भारत गांवों में निवास करता है। अगर देश की संस्कृति और लोगों के व्यवहार से परिचित होना है तो गांवों की रूख कीजिए। पूरे भारत में कुल छह लाख 49 हजार से अधिक गांव है, प्रत्येक गांव की अपनी अनूठी बात है। मगर बात करें भारत के सबसे बड़े गांव की तो गहमर का नाम सामने आता है। इस बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### एक लाख से ज्यादा जनसंख्या

गहमर गांव भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के गाजीपुर जिले का एक गांव है। यह न सिर्फ भारत का बल्कि एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा गांव है। यह बिहार की राजधानी पटना और मुगलसराय रेल मार्ग पर स्थित है। इस गांव के पश्चिम छोर पर कमइच्छा माई जिन्हें मां कामाख्या के रूप में भी जाना जाता है, का मंदिर स्थित है। इस गांव की जनसंख्या की बात करें तो यहां करीब 1 लाख 20 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। इसके अलावा गांव के लगभग 50 हजार




लोग अन्य शहरों में निवास करते हैं। भारत के कई शहरों में लगभग 1 लाख से ऊपर लोग निवास करते हैं। ऐसे में गहमर गांव में बड़ी आबादी का निवास करना अपने आप में अनोखी बात है। इसके अलावा गहमर गांव की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां हर घर से कोई न कोई व्यक्ति सेना में है। गहमर गांव में शहर में मौजूद सभी सुविधाएं हैं, जैसे-टेलीफोन एक्सचेंज, महाविद्यालय, इंटर कॉलेज तथा स्वास्थ्य केंद्र।

### 16वीं शताब्दी में बसा

गहमर गांव के बारे में इतिहासकारों का कहना है कि इसे सन् 1530 में कुसुम देव राव ने 'सकरा डीह' नामक स्थान पर बसाया था। गाजीपुर जिले से करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में एक रेलवे स्टेशन भी है, जो पटना और मुगलसराय से जुड़ा हुआ है। इस गांव के लगभग 12 हजार लोग भारतीय सेना में जवान से लेकर कर्नल तक पदों पर भर्ती है। इसके अलावा 15 हजार से अधिक लोग भूतपूर्व सैनिक हैं, जो कारगिल से लेकर विश्वयुद्ध में भाग ले चुके हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर बसे इस गांव का क्षेत्रफल करीब 8 वर्गमील में है। यह गांव 22 पट्टी या टोले में बंटा हुआ है, जो कि किसी न किसी प्रसिद्ध व्यक्ति के नाम पर है।

**गांव की खास बातें**

*इस गांव के 228 सैनिक विश्वयुद्ध में शामिल हुए थे, जिनमें 21 शहीद हुए थे। इनकी याद में गांव में एक शिलालेख भी बना हुआ है। आज भी गांव के युवा सुबह-शाम सेना की तैयारी करते नजर जाते हैं। खास बात यह है कि सेना में भर्ती के लिए शिविर भी इसी गांव में लगता था। मगर वर्ष 1986 में इस परंपरा को बंद कर दिया गया।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**व्यंग्य**

# आया मौसम दलबदल से लोकप्रियता बढ़ाने का




बी.एल. शर्मा 'अकिंचन'
व्यंग्यकार


दलबदल की ताक में बैठे अधिकांश नेता चुनाव के नजदीक आते ही दलबदल को उतावले हो अपने बयानों में ये बोल निश्चित रुप में कहे बिना नहीं रह सकते कि मेरा दम घुट रहा था, मेरी अपने घर ही वापसी हो रही है, सुबह का भूला शाम को घर लौटा हूं, मेरी वहां सुनवाई नहीं हो रही थी और यहां पर मेरी बातें मानी भी जाएगी,आदि-2।

गौरतलब है कि हर कोई यही कहता है कि बिना शर्त अपने घर लौटा हूं जबकि अंदरखाने बिना शर्त और सौदेबाजी के सियासत में दलबदल करना इस युग में बेमानी ही है। वस्तुतः किस तरह परस्पर लेन-देन व्यापार और व्यवसाय की तर्ज पर चुपचाप कब हो जाए? पता लगाना मुश्किल है। इतना जरूर होता है कि चुनाव के दौरान चाहे दोनों ही प्रत्याशी दलबदल से आए हुए हों और एक ही क्षेत्र या सीट से उम्मीदवार हो तो भी दोनों ही तरफ से यही कहा जाता है कि ये हमारे-अपने लोकप्रिय उम्मीदवार हैं, जो हमारे और आपके पसंदीदा और ईमानदार व्यक्ति हैं।

उल्लेखनीय है कि चुनाव से पूर्व भी ये प्रत्याशी जिस पार्टी में थे तब भी लोकप्रिय ही थे, क्योंकि दलबदल से लोकप्रियता में कमी नहीं आती, बल्कि दल बदलते और टिकट मिलते ही दल बदलूओं की लोकप्रियता बढ़ाने के प्रयास तेज हो जाते हैं। पराजित प्रत्याशी भी यदि पुनः दल बदल कर उपचुनाव में प्रत्याशी विजयी होता है, तो वह सर्वाधिक लोकप्रिय हो जाता है। लोकप्रियता की तो अब श्रेणियां बनाई जा रही है ,जैसे लोकप्रिय, कम लोकप्रिय,अधिक लोकप्रिय, सर्वाधिक लोकप्रिय आदि-2। लोकप्रियता के पुराने कोई मापदंड नहीं रहे। अब तो जो जितनी बार दलबदल करे और चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए जितना अधिक प्रदर्शन, दलबल, भीड़ भरा जुलूस , गाड़ियां और प्रचार सामग्री से लैस होगा, उसे ही लोकप्रियता कहा जाएगा। गौरतलब है कि एनडीए में 38 घटक दल और आइएनडीआइए में 26 घटकदल हैं, किंतु अभी भी 10 घटक दल स्वतंत्र हैं, जिनमें दल बदलूओं के लिए दरवाजे खुले हैं।

स्थिति ऐसी बन रही है घटकदल अधिक होने से दल बदलू राष्ट्रीय दलों में जाना पसंद कर रहे हैं और लोकप्रियता भी कामों से नहीं बल्कि दामों से पहचानी जा रही है। उम्मीदवार द्वारा मतदाता, कार्यकर्ता, पार्टी फंड आदि में कितना पैसा खर्च करने की क्षमता है? के मद्देनजर कथित लोकप्रियता दर्शाई जाती है,जो जीत और मंत्री पद मिल जाने पर कथित लोकप्रियता चरम सीमा पर चली जाती है,जो मनमानी करने से नहीं रोक पाती।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हमारी बेटियों को स्मार्टफोन न होने के कारण न जाने ऐसी कितनी ही रोजमर्रा की परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। इसीलिए प्रदेश सरकार महिलाओं और किशोरियों को स्मार्टफोन व इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान कर उनके जीवन को सुगम बना रही है।




**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
गोगा जी महाराज ने समाज के सभी समुदायों में आपसी भाईचारा बढ़ाने का काम किया है। युवाओं को उनसे सीख मिले, इसके लिए हमारी भाजपा सरकार ने 18 करोड़ रु की लागत से गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) में भव्य मंदिर तथा पैनोरमा का निर्माण करवाया वहीं गोगामेड़ी के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य विकास के कार्यों को गति दी थी।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
योग का यही अर्थ है: अपनी व्यक्तिगत सीमाओं का सचेतन उन्मूलन ताकि आप एक सार्वभौमिक अस्तित्व बन जाएं।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु
@Srisri
व्यक्तिपरक समझ ही अध्यात्म है। वस्तुनिष्ठ विश्लेषण विज्ञान है। विज्ञान और धर्म आमने-सामने हैं, लेकिन आध्यात्मिकता नहीं क्योंकि यह जांच की भावना को प्रोत्साहित करती है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
यदि आज दुनिया में दो चीजें लोगों के अशांत मन को ठीक कर सकती हैं, तो वे हैं दया और प्रेम।




**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
पूरा जीवन एक अनुभव है, आप जितने अधिक प्रयोग करते हैं, उतने ही बेहतर बनते हैं।

## लोकसभा चुनाव: कर्नाटक में भाजपा-जद (एस) में सीटों पर तालमेल से बढ़ा सियासी तापमान

# देवेगौड़ा की पार्टी 4 व भाजपा 24 सीटों पर लड़ेगी चुनाव: येदियुरप्पा

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) के साथ तालमेल करेगी। येदियुरप्पा की इस घोषणा ने राज्य में सियासी तापमान बढ़ा दिया है।



भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य येदियुरप्पा ने कहा कि चुनावी तालमेल के तहत जद (एस) कर्नाटक में 28 संसदीय क्षेत्रों में से चार पर चुनाव लड़ेगी। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने हमारे प्रधानमंत्री से मुलाकात की और उन्होंने चार सीट तय कर ली हैं। मैं इसका स्वागत करता हूं... भाजपा और जद (एस) के बीच तालमेल होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जद (एस) को चार लोकसभा सीट देने के लिए राजी हो गए हैं। येदियुरप्पा ने कहा, इसने हमें काफी ताकत दी है और इससे साथ मिलकर हमें 25-26 लोकसभा सीट जीतने में मदद मिलेगी। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में 25 सीट पर जीत हासिल की थी, वहीं, भाजपा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भी जीत हासिल की थी। कांग्रेस और जद (एस) ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की थी।

### भाजपा व जद यू के शीर्ष नेतृत्व में हुई थी बातचीत

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, तालमेल को लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और जद (एस) के शीर्ष नेतृत्व के बीच बातचीत हुई है और राज्य के नेताओं को इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है। भाजपा हासन और बेंगलुरु ग्रामीण सीटें जद (एस) को दे सकती है, जहां मौजूदा समय में उसके सांसद नहीं हैं।

### भाजपा-जद (एस) गठबंधन से चिंतित नहीं: सिद्धरमैया

इस घटनाक्रम को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और जद(एस) के बीच हुए चुनावी गठबंधन से चिंतित नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता कांग्रेस पार्टी का समर्थन करेगी। सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, चाहे गठबंधन होगा या वे अलग-अलग लड़ेंगे, मुझे इसकी परवाह नहीं है। हम लोगों से वोट करने की अपील करेंगे। लोग हमारे साथ हैं। वे हमें वोट देंगे। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने इस घटनाक्रम को लेकर कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है। शिवकुमार ने कहा,वे ऐसा कर लें....पहले भी उन्होंने ऐसा किया था जब अशोक अन्ना (भाजपा नेता आर. अशोक) और कुमार अन्ना (कुमारस्वामी) पिछली भाजपा-जद (एस) गठबंधन सरकार में एक साथ आए थे। वे अपना अस्तित्व बचाने के लिए कुछ भी कर लें।



---

### UP: दिनेश शर्मा राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा को राज्य से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है, क्योंकि वह 15 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। राज्यसभा चुनाव के सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी और उपचुनाव आवश्यक हो गया था। दुबे भाजपा से ही राज्यसभा सदस्य थे। इस सीट से निर्वाचित शर्मा का कार्यकाल नवंबर 2026 तक होगा।

### सिद्धरमैया के खिलाफ मामले की कार्यवाही पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ दर्ज एक मामले की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। वर्ष 2022 में मंत्रिमंडल से भाजपा के नेता के.एस. ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां विरोध मार्च आयोजित करने के लिए विपक्ष के तत्कालीन नेता सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सिद्धरमैया ने कांग्रेस भवन से तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास तक विरोध मार्च का नेतृत्व किया था। इस मामले को रद्द करने की मांग करते हुए सिद्धरमैया की ओर से दायर की गई आपराधिक याचिका पर विशेष पीठ ने सुनवाई की जिसका गठन मौजूदा और पूर्व विधायकों तथा मंत्रियों की याचिकाओं की सुनवाई के लिए किया गया है। धारवाड़ में उच्च न्यायालय की पीठ में न्यायाधीश एम नागप्रसन्ना ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई की।

## चुनाव नतीजों से सिद्ध हो गया भाजपा अपराजेय नहीं: चिदंबरम

# उपचुनाव में भाजपा को झटका पहली जीत से विपक्षी खेमा खुश

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के खिलाफ नव गणित विपक्षी गठबंधन ने पहली चुनावी परीक्षा में भाजपा को से मुकाबला 4-3 से जीत लिया है। इस जीत से विपक्षी क्षेमे में जबर्दस्त उत्साह है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि इस जीत ने दिखा दिया है कि भाजपा और उसका धनबल अपराजेय नहीं है।

उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल सहित कुल छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणामों की शुक्रवार को हुई घोषणा के बाद भाजपा के हिस्से में तीन सीटें जबकि विपक्षी दलों के खाते में चार सीटें आई हैं। वहीं समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की घोसी सीट बचाने में कामयाब रही है। सपा की जीत को बहुत अहम माना जा रहा है।

ये उपचुनाव अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए हाल ही में बने 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के लिए पहली चुनावी परीक्षा थे। जिन सात सीटों पर पांच सितंबर को उपचुनाव हुआ था, उनमें से तीन पहले भाजपा के पास थीं और एक-एक सीट कांग्रेस, सपा, माकपा और झामुमो के पास थीं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल कांग्रेस, झामुमो, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के हिस्से में एक-एक सीटें आई हैं। विपक्षी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में घोसी और झारखंड की डुमरी विधानसभा सीटों पर जीत का स्वाद चखा। 'इंडिया' ने इन सीटों पर क्रमशः सपा और झामुमो का समर्थन किया था।



### त्रिपुरा: माकपा से छीनी सीट

भाजपा ने उत्तराखंड में बागेश्वर और त्रिपुरा में धनपुर विधानसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा और इस पूर्वोत्तर राज्य में बक्सनगर विधानसभा सीट माकपा से छीनने में कामयाब रही है। बक्सनगर सीट पर 'इंडिया' ने संयुक्त रूप से उम्मीदवार उतारा था। लेकिन भाजपा को पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा है।

### इंडिया के लिए बड़ी जीत: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैं उपचुनावों में भाजपा को हरा कर जीत हासिल करने वाले सभी लोगों को बधाई देना चाहती हूं। भाजपा पांच सितंबर को सात सीटों पर हुए उपचुनावों में से चार सीटें हार गई है। यह 'इंडिया' के लिए एक बड़ी जीत है।

### कांग्रेस का दावा: उपचुनावों के नतीजे विपक्षी गठबंधन के लिए शुभ संकेत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के घोसी समेत विभिन्न राज्यों के सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के नतीजे विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया)' के लिए शुभ संकेत हैं तथा यह साबित हो गया है कि जनता ने इस गठबंधन को स्वीकार किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, सात विधानसभा सीट के उपचुनावों के परिणाम में स्पष्ट रूप से विजेता 'इंडिया' है। 'इंडिया' ने भाजपा को 4:3 से हराया। भाजपा ने त्रिपुरा में दो और उत्तराखंड में एकमात्र सीट पर जीत हासिल की। भाजपा और उसका धनबल अपराजेय नहीं है। 'इंडिया' गठबंधन ने दिखा दिया है कि भाजपा को उसके गढ़ में भी हराया जा सकता है। आज के नतीजे 'इंडिया' गठबंधन की सफलता का शुभ संकेत हैं।

### माकपा ने लगाया त्रिपुरा उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप

**नई दिल्ली।** माकपा ने त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में धनपुर और बक्सनगर विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली होने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को दोनों सीट पर भाजपा की जीत पर सवाल खड़े किए। माकपा पोलित ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि हम वाम मोर्चे द्वारा उठाई गई आशंकाओं का समर्थन करते हैं और उपचुनाव के परिणामों को रद्द करने तथा कड़ी निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने की मांग को दोहराते हैं। माकपा ने कहा, बक्सनगर निर्वाचन क्षेत्र में, भाजपा ने मतदान में 89 प्रतिशत जबकि धनपुर निर्वाचन क्षेत्र में 71 प्रतिशत वोट हासिल कर जीत हासिल की। यह राज्य के चुनाव इतिहास में अभूतपूर्व है। फरवरी के चुनावों में बक्सनगर सीट माकपा से हारने के बाद, बड़े पैमाने पर धांधली के बिना भाजपा के लिए 89 प्रतिशत वोट हासिल करना असंभव है।

## मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन

### सीएम एकनाथ शिंदे के साथ बातचीत आज

एजेंसी | औरंगाबाद

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के इस सप्ताहांत से आंदोलन तेज करने की चेतावनी दिए जाने के बाद पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बातचीत करने के लिए शुक्रवार शाम को मुंबई रवाना हुआ।

पिछले 11 दिनों से जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे जरांगे ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि अगर शनिवार शाम तक कोई समाधान नहीं निकला तो वह तरल पदार्थ भी लेना बंद कर देंगे। जरांगे मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठा समुदाय को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र देते समय वंशावली का प्रावधान हटाने की मांग कर रहे हैं।

शिवसेना के नेता अर्जुन खोतकर ने बताया किय प्रतिनिधिमंडल में शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता अर्जुन खोतकर, संभागीय आयुक्त मधुकर राजियरदाद, अंतरवाली सरती गांव के सरपंच और दो आरक्षण कार्यकर्ता शामिल हैं।

## कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

### जातिगत जनगणना कराई जाए: रमेश

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराए और राज्यों में हो रहे इस तरह के प्रयासों का विरोध बंद करे।



पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार द्वारा जनगणना नहीं कराने की वजह से 14 करोड़ भारतीय नागरिकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित होना पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना होने तक खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभार्थी का कोटा बढ़ाया जाना चाहिए। रमेश ने एक बयान में कहा,भारत अपनी बारी के अनुसार 18वें जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत उस विषय पर विचार करने का भी समय है, जो एनडीए (नो डाटा अवेलेबल) सरकार की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक को उजागर करता है। उन्होंने दावा किया कि सरकार 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना कराने में विफल रही है, जबकि इंडोनेशिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य विकासशील देश सहित, लगभग हर दूसरे जी20 देश कोविड-19 महामारी के बावजूद जनगणना कराने में कामयाब रहे हैं। रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार न केवल जनगणना कराने में विफल रही है, बल्कि इसने 2011 में संप्रग सरकार द्वारा कराई गई सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना को भी दबा दिया है। उन्होंने कहा, केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में बिहार सरकार के राज्य-स्तरीय जाति जनगणना के प्रयास का भी विरोध किया।

## ज्ञानवापी परिसर मामला

### एएसआई को सर्वे के लिए आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय



एजेंसी | वाराणसी

वाराणसी की एक अदालत ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण पूरा करने और अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय दे दिया। सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की आपत्ति को खारिज कर दिया और ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण कार्य को पूरा करने के लिए एएसआई को आठ सप्ताह का और समय प्रदान किया। प्रभारी जिला न्यायाधीश (एडीजे-प्रथम) संजीव सिन्हा ने गत शनिवार को मामले को जिला न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के लिए आठ सितंबर को सूचीबद्ध किया था क्योंकि उस समय जिला न्यायाधीश छुट्टी पर थे।

एएसआई की टीम यह निर्धारित करने के लिए ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रही है कि क्या 17वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था।

### चेन्नई में टैगोर की प्रतिमा



***चेन्नई।*** *तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन व अन्य नेताओं ने शुक्रवार को चेन्नई में क्वीन मैरी कॉलेज में रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया।* **-पीटीआई**

---

## छत्तीसगढ़ में 'भरोसे का सम्मेलन' में किया भाजपा पर प्रहार

# कांग्रेस भारत को जोड़ने में लगी है और भाजपा उसे तोड़ने में: खरगे

एजेंसी | राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

भारत और इंडिया नाम को लेकर छिड़े विवाद के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस भारत को जोड़ने में लगी है और भारतीय जनता पार्टी उसे तोड़ने में।

उन्होंने कहा कि संविधान में देश का नाम भारत और इंडिया दोनों है, लेकिन भाजपा इसमें विवाद खड़ा कर रही है। यदि भाजपा को 'इंडिया' शब्द से नफरत है तो उन्होंने 'स्टार्ट अप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्किल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' आदि योजनाओं के नाम क्यों रखे हैं। हमें भाजपा की इस मानसिकता के खिलाफ लड़ना होगा। खरगे शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के ठेकवा गांव में कांग्रेस सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राज्य की भूपेश बघेल सरकार का काम देखना चाहिए और जानना चाहिए कि पांच साल में यह कैसे किया जा सकता है। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। खरगे ने कहा, हमने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक गठबंधन 'इंडिया' बनाया है और अब भाजपा कह रही है कि देश का नाम इंडिया से बदलकर केवल भारत कर देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमें कहते हैं कि हम भारत बोलने के विरोधी हैं। हमें भारत से प्रेम है।



### पीएम मोदी पर साधा निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, वह दंगा प्रभावित मणिपुर की ओर देख भी नहीं रहे हैं, दूसरी तरफ जी20 की बैठक ल्ली में चल रही है, जहां हर खंभे में उनकी तस्वीरें (पीएम के पोस्टर) हैं। पोस्टरों पर न तो उनके मंत्रियों की तस्वीर थी, न ही महात्मा गांधी या पंडित जवाहर लाल नेहरू की। क्या सब कुछ उनका है? कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने (भाजपा) नेहरू स्मारक संग्रहालय का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय कर दिया। पता नहीं वे लोकतंत्र की नींव रखने वाले नेहरू जी से नफरत क्यों करते हैं। उन्होंने 14 साल जेल में बिताए। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि अगर बाकी लोग भी सत्ता में आएंगे तो ऐसा ही करेंगे।

### गरीबों के कल्याण का सोचती है कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कांग्रेस हमेशा नाम के लिए नहीं गरीबों के कल्याण के लिए सोचती है। हमने खाद्य सुरक्षा अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम बनाया लेकिन इसका नाम (हमारे नेताओं के नाम पर) नहीं रखा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमने मनरेगा का नाम रखा लेकिन यह राष्ट्रपिता के नाम पर रखा।

### छत्तीसगढ़ सरकार को सराहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा, 15 साल तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार रही। मोदी साढ़े 13 साल तक गुजरात में सीएम रहे और अब 10 साल से प्रधानमंत्री हैं, लेकिन गुजरात की हालत जस की तस है। जो काम कांग्रेस सरकार ने पांच साल में छत्तीसगढ़ में किया वो आपने क्यों नहीं किया? ऐसा इसलिए है क्योंकि आपको (प्रधानमंत्री) गरीबों की परवाह नहीं है, बल्कि आप अंबानी और अडाणी जैसे अमीरों की परवाह करते हैं।

### धर्मनिरपेक्षता पर मंडरा रहा है खतरा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि देश में धर्मनिरपेक्षता एवं एकता खतरे में है तथा सामाजिक न्याय को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संविधान के विरूद्ध काम करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने यहां केरल मीडिया अकादमी में एक बैठक में कहा, सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारतीय संविधान उनका 'वेद' है और उन्होंने संसद के समक्ष झुककर नमन किया था। लेकिन अब वह संविधान के विरूद्ध जा रहे हैं। लोगों को यह अहसास करना चाहिए और उसका विरोध करना चाहिए। द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने कि कुछ लोग 'द्रविड़' शब्द के उल्लेख मात्र से चिढ़ जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु और केरल के लोग एक ही द्रविड़ परिवार से हैं। उन्होंने इन दोनों राज्यों के लोगों से भारत की रक्षा के लिए डबल बैरल वाली बंदूक की तरह काम करने की अपील की।

## जरूरी खबर

### वायुसेना उप प्रमुख ने उड़ाया स्वदेशी ट्रेनर विमान HTT



**बेंगलुरु।** वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शुक्रवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एयरक्राफ्ट-40 (एचटीटी-40) उड़ाया। विमान को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के विमान अनुसंधान और डिजाइन केंद्र द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।यह भारत के सशस्त्र बलों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर आधारित है। एचटीटी-40 एक पूरा एयरोबैटिक विमान है, जो चार ब्लेड वाले टर्बो-प्रोप इंजन द्वारा संचालित है। ट्रेनर की अधिकतम गति 450 किलोमीटर प्रति घंटा और अधिकतम सर्विस सीलिंग छह किलोमीटर है। एचटीटी-40 ने पहली बार 31 मई 2016 को उड़ान भरी थी।

### मणिपुर में हिंसा: गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा का सिलसिला जारी है। राज्य के तेंगनोउपल जिले के पल्लेल इलाके में शुक्रवार को गोलीबारी की दो घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में चार आम नागरिकों को गोली लगी है। पल्लेल में सुबह लगभग छह बजे दो समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की खबर फैलने पर थाउबाल और काकचिंग जिलों के विभिन्न हिस्सों से कई लोग पल्लेल की ओर बढ़े लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक दिया, जिससे उनके बीच संघर्ष की स्थिति टल गयी। इस बीच,अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों के दो समूहों के बीच गोलीबारी में 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### किन्नौर में भीषण भूस्खलन, शिमला से संपर्क टूटा

**रामपुर/शिमला।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में नेगुलसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर गुरुवार रात हुए भीषण भूस्खलन के बाद जिले का संपर्क राजधानी शिमला से पूरी तरह से कट गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता के.एल. सुमन के मुताबिक भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग का लगभग 150-300 मीटर का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक, किन्नौर से आने वाले सेब से लदे ट्रक समेत बड़ी संख्या में वाहन सड़क पर फंसे हुए हैं।

## पधारो सा... वैश्विक पावणों का भावभीना स्वागत




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन


ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक


जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा


ओमान के उप प्रधानमंत्री सैयद असद


बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना


इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी

*नई दिल्ली। जी-20 देशों की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए वैश्विक नेता भारत पहुंचे रहे हैं। नई दिल्ली पहुंचने पर उनका भावभीना स्वागत किया गया। विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला शुक्रवार देर रात तक जारी रहा।* -पीटीआई

### राष्ट्रीय राजधानी में वैश्विक नेताओं का आगमन, मंथन व मंत्रणा का दौर शुरू

# 'ग्लोबल साउथ' व विकासशील देशों की आवाज बनेगा घोषणा पत्र: भारत


तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन

G20
वसुधैव कुटुम्बकम्  विश्व मंच पर भारत की धमक
9-10 सितंबर, नई दिल्ली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जी20 शिखर सम्मेलन की शनिवार को शुरुआत से पहले मेजबान भारत ने शुक्रवार को कहा कि 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेयरेशन' 'ग्लोबल साउथ' (वैश्विक दक्षिण) और विकासशील देशों की आवाज बनेगा। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया कि जी20 सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास की दिशा में नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

**आम सहमति की उम्मीद:** जी20 से जुड़े भारत के शीर्ष अधिकारियों ने सम्मेलन से पहले प्रेस वार्ता में कहा कि उन्हें आम-सहमति से एक संयुक्त घोषणापत्र तैयार किये जाने की उम्मीद है। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध और जलवायु संबंधित मुद्दों जैसे जटिल विषयों पर विस्तार से कुछ नहीं कहा। इस बीच दिल्ली पहुंचे वैश्विक नेताओं का स्वागत परंपरागत नृत्य प्रस्तुतियों के साथ किया गया।



### रात्रि भोज: मनमोहन सिंह व देवेगौड़ा नहीं होंगे शामिल

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एच.डी. देवेगौड़ा शनिवार को वैश्विक नेताओं के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मेजबानी में आयोजित जी20 रात्रिभोज में स्वास्थ्य कारणों से शामिल नहीं होंगे। सिंह और देवेगौड़ा दोनों ने रात्रिभोज में शामिल होने में असमर्थता के बारे में केंद्र सरकार को सूचित कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित अन्य को भव्य रात्रिभोज में आमंत्रित किया गया है।

### खरगे को नहीं किया आमंत्रित, कांग्रेस खफा

इस बीच, कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, जो केंद्रीय मंत्री के समकक्ष हैं और संवैधानिक पद पर हैं, को रात्रिभोज में आमंत्रित नहीं किया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जी20 रात्रिभोज में खरगे को आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर शुक्रवार को ब्रसेल्स में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार देश की 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले विपक्ष के नेता को महत्व नहीं देती।

### रात्रिभोज: गुलाब जामुन, रसमलाई और जलेबी परोसे जाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** ष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से राष्ट्राध्यक्षों और अन्य प्रतिनिधियों के लिए शनिवार को आयोजित किए जाने वाले रात्रिभोज से जुड़े विशेष व्यंजन की सूची तैयार की गई है। सूत्र ने कहा, विभिन्न प्रकार की मिठाइयां जैसे गुलाब जामुन, रसमलाई और जलेबी आदि परोसे जाने की योजना है।

### मोदी की मॉरीशस व बांग्लादेश की PM से मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से बातचीत की। जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत से पहले यह पीएम मोदी ने इन द्विपक्षीय बैठकों में कई मुद्दों पर चर्चा की। जगन्नाथ व शेख हसीना शुक्रवार को ही नई दिल्ली पहुंचे थे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और मेरी बहुत अच्छी मुलाकात हुई। यह भारत-मॉरीशस के संबंधों के लिए विशेष वर्ष है, क्योंकि हमारे कूटनीतिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। हमने अवसंरचना, फिनटेक, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर विचार-विमर्श किया। ग्लोबल साउथ की आवाज आगे बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई। मोदी और हसीना के बीच यह मुलाकात जी-20 बैठक से एक दिन पहले हुई है। जी20 नेता यहां नौ और 10 सितंबर को समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### अफ्रीकी संघ की सदस्यता का समर्थन

यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को कहा कि वह जी20 शिखर सम्मेलन में समूह के स्थाई सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ का स्वागत करने को लेकर उत्साहित है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल संवाददाता सम्मेलन में कहा, यूरोपीय संघ जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जून में जी20 नेताओं को पत्र लिखकर अफ्रीकी संघ को नई दिल्ली सम्मेलन में इस समूह की पूर्ण सदस्यता दिए जाने की पैरवी की थी।

### कड़े सुरक्षा घेरे में दिल्ली



**नई दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय राजधानी खासकर नई दिल्ली जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस, अर्द्धसैनिक बल तथा अन्य एजेंसियां शहर में कड़ी निगरानी रख रही हैं। शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली पुलिस ने अहम स्थानों पर सशस्त्र बलों को तैनात किया हैतथा सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस को 50,000 से अधिक सुरक्षा कर्मी, पुलिस सहायता प्रदान कर रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हवाई अड्डे से होटलों तक और होटलों से जी20 शिखर सम्मेलन स्थलों तक विदेशी प्रतिनिधियों को दिल्ली पुलिस द्वारा अचूक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।


ब्राजील के राष्ट्रपति लुई लुला दा सिल्वा

### स्पेन के राष्ट्रपति के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान उनके अंतर्दृष्टिपूर्ण विचारों की कमी खलेगी। सांचेज ने इससे पहले घोषणा की थी कि वह बैठक में भाग लेने के लिए भारत की राजधानी नहीं जा पाएंगे क्योंकि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। यहां स्पेनिश दूतावास के अनुसार जी20 शिखर सम्मेलन में स्पेन का प्रतिनिधित्व उप प्रधानमंत्री नादिया केल्विनो और विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस करेंगे।

### यूएन महासचिव ने वैश्विक वित्तीय ढांचे को बताया अन्यायपूर्ण

# रूस-यूक्रेन संघर्ष के निकट भविष्य में शांतिपूर्ण हल की उम्मीद नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें इस बात की बहुत उम्मीद नहीं है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर निकट भविष्य में कोई शांति समाधान निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय ढांचा पुराना, निष्क्रिय और अन्यायपूर्ण है। इसमें गहन ढांचागत सुधारों की जरूरत है और यही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बारे में भी कहा जा सकता है। गुतारेस ने जी20 सम्मेलन से पहले यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूस-यूक्रेन अब भी संघर्ष को समाप्त करते हुए नहीं दिखाई दे रहे। गुतारेस ने उम्मीद जताई कि भारत की जी20 की अध्यक्षता ऐसे क्रांतिकारी बदलाव लाने में कारगर होगी जिनका दुनिया बेसब्री से इंतजार कर रही है। बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों की जरूरत पर जोर देते हुए गुतारेस ने कहा कि जब इन संस्थानों का सृजन किया गया था, तब आज के कई देश अस्तित्व में भी नहीं थे। उन्होंने कहा, यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और कई अन्य के लिए भी सच है। जब पूछा गया कि क्या यह भारत के यूएनएससी का सदस्य बनने का समय है, इस पर गुतारेस ने कहा,इसका निर्णय मुझे नहीं लेना कि यूएनएससी में कौन शामिल होगा, यह फैसला सदस्यों को लेना है।



### बहुध्रुवीय विश्व की हिमायत

उन्होंने कहा कि जी20 की थीम के रूप में भारत द्वारा अपनाया गया 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' का सूत्रवाक्य महाउपनिषद से प्रेरित है और उसमें आज की दुनिया की प्रतिध्वनि है। उन्होंने कहा, विभाजन बढ़ रहे हैं, तनाव बढ़ रहे हैं और विश्वास कम हो रहा है। ये सब मिलकर अंतत: टकराव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया परिवर्तन के मुश्किल दौर में है और इसका भविष्य बहुध्रुवीय है, लेकिन हमारे बहुपक्षीय संस्थानों में गुजरे जमाने की झलक मिलती है।

### 80% उत्सर्जन के लिए जी20 देश जिम्मेदार

जी20 के देश 80 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें इसे कम करने की दिशा में अगुवाई करनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जी20 सम्मेलन की तैयारी के दौरान इस बात का हरसंभव प्रयास कर रहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के हितों का पूरी तरह से प्रतिनिधित्व हो। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

### विश्व बैंक ने की भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की तारीफ

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने जी20 सम्मेलन के लिए तैयार अपने दस्तावेज में वित्तीय समावेशन के लिए आधार क्रमांक और यूपीआई सहित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को बढ़ावा देने में भारत के प्रयासों की तारीफ की है। 'डीपीआई के जरिए वित्तीय समावेशन और उत्पादकता लाभ को आगे बढ़ाने के लिए जी20 नीति अनुशंसा' शीर्षक वाले इस दस्तावेज की प्रस्तावना में कहा गया है कि डीपीआई का प्रभाव समावेशी वित्त के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थिरता को समर्थन देने में भी होता है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत की डिजिटल आईडी प्रणाली आधार, डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई, डेटा मंच डिजिलॉकर और अन्य मंच डीपीआई के ऐसे ही उदाहरण हैं। ये सभी वित्तीय समावेशन की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इस रिपोर्ट में सिंगापुर की सिंगपास, फिलीपींस की फिलसिस और यूएई की यूएई-पास जैसी डिजिटल पहचान प्रणालियों का उल्लेख भी किया गया।

### उत्सर्जन में कमी में अमीर देश पीछे: ऑक्सफैम रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वैश्विक गैर-सरकारी संगठन 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी सहित जी20 के अमीर सदस्यों को 2030 तक अपने घरेलू उत्सर्जन को घटाकर शून्य स्तर पर लाना है लेकिन वे अब भी उत्सर्जन में कमी के लिए अपनी हिस्सेदारी से काफी पीछे हैं। रिपोर्ट में जी20 देशों के राष्ट्रीय ग्रीनहाउस गैस कटौती लक्ष्यों की निष्पक्षता और महत्वाकांक्षा का मूल्यांकन किया गया है।

### रवींद्र मंच के मिनी थिएटर में हुए नाटक में कलाकारों ने किए कटाक्ष

# बिना विचारे जो करे, वो पाछे पछताए

**बेधड़क.जयपुर।** आम घटनाओं के माध्यम से भारतीय लोगों के विदेशी आकर्षण पर कटाक्ष करते हुए कलाकारों ने जयपुर के मंच से मैसेज दिए तो कला प्रेमी रोमांचित हो गए। मौका रहा कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार व रवींद्र मंच की टैगोर थियेटर स्कीम के तहत केशव गुप्ता के निर्देशन में नाटक 'जैसा तुम कहो' के मंचन का। रवीन्द्र मंच के मिनी थिएटर हॉल में कलाकारों ने नाटक को चरितार्थ किया। नाटक का लेखन जयवर्धन व निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी केशव गुप्ता ने किया।



### नाटक में दिखाई दिया पूरा फेमिली ड्रामा

नाटक 'जैसा तुम कहो' बिना विचारे जो करे वो पाछे पछताय कहावत को चरितार्थ करता दिखाई दिया। नाटक एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें पति-पत्नी की नोंक-झोंक के माध्यम से डायरेक्टर ने कहानी को आगे बढ़ाया। बच्चों के विदेशों में सैटल हो जाने के दर्द को भी रेखांकित करने की कोशिश की गई। नौकर की भूमिका को विदुषक की तरह पेश किया गया। नाटक में आम घटनाओं से भारतीय लोगों के विदेशी आकर्षण पर कटाक्ष किया तो दर्शक कलाकारों को प्रोत्साहित करते नजर आए।

### एकाकीपन दूर करने की जुगत

कहानी में वृद्ध दंपती का बेटा विदेश में सेटल हो जाता है। दंपती एकाकीपन को दूर करने के लिए किराएदार रख लेते हैं, जो मालकिन के गांव का होने के कारण मालकिन उससे किराया न लेकर उसकी आर्थिक मदद करती रहती है। इससे उनके दांपत्य जीवन में कलेश पैदा हो जाता है, जिससे निकालने में उनका नौकर अहम भूमिका निभाता है। इसी बीच उनका बेटा विदेश से वापस आ जाता है और नाटक का हास्य व रोमांचक अंत होता है।



### इन्होंने किया जीवंत अभिनय

नाटक में पुरुषोत्तम राना-अर्जुन देव, लक्ष्मी-ऋचा पालीवाल, कमल सक्सेना-विनय यादव, दीपा सक्सेना-रिया सैनी, मंगल-अमन कुमार की भूमिका में थे। नाट्य पार्श्व में वॉइस ओवर-चन्द्रप्रताप सिंह, प्रकाश व्यवस्था-केशव गुप्ता, रूप सज्जा-गीतिका गुप्ता, वस्त्र सज्जा-आशा गुप्ता, पार्श्व संगीत-ऋषभ सिंह, मंच सज्जा-धर्मेन्द्र भारती व चंद्रप्रताप सिंह ने की। रवींद्र मंच के मैनेजर प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि नाटक को देखने प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, टीवी व फिल्म जगत के कलाकार, दर्शक और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## 'आधे-अधूरे' ने दी दर्शकों को जीवन की सीख



**बेधड़क.जयपुर।** भावुक करने के साथ तंज भरे संवादों ने हंसने का अवसर दिया तो कला प्रेमियों ने उसका लुत्फ उठाया। साथ ही नाटक से कई सीख भी दर्शकों को मिली। ये थे जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना के तहत 'आधे-अधूरे' नाटक के कलाकार, जिन्होंने प्ले में कई मैसेज छोड़े। रंगायन सभागार में हुए नाटक की कहानी मोहन राकेश ने लिखी है। नाटक में शहरी मध्यवर्गीय परिवार में मूल्यों के परिवर्तन को दर्शाया गया। आजादी के बाद उभरे मध्यवर्गीय परिवार की मूल्य व्यवस्था की निराशा, टूटन, बिखराव को उजागर करते हुए मार्मिक ढंग से पेश किया गया। नाटक में वरिष्ठ रंगकर्मी रुचि भार्गव ने सावित्री, जबकि साहिल अहूजा ने महेन्द्रनाथ का किरदार निभाया। वहीं आयुषी दिक्षित, संदीप स्वामी व लक्ष्मी तिवारी ने बच्चों के किरदार निभाएं। राजीव मिश्रा ने प्रकाश संयोजन, दीपक गुजराल ने ध्वनि संयोजन, सेहल खान ने मंच संयोजन संभाला।

## राधा-कृष्ण बने बच्चे पुरस्कृत



**बेधड़क. जयपुर।** अनुवीर 'नई सोच, नई उम्मीद' की ओर से रुकमणी गार्डन, पांच्यावाला में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान शाम को भक्ति संध्या, दही हांडी कार्यक्रम के साथ ही फैन्सी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। 'नई सोच, नई उम्मीद' की संस्थापक पूनम वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता नीरज नाडानी ने शिरकत की।महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने नन्हे राधा-कृष्ण बने बच्चों को पुरस्कृत भी किया।इस दौरान नाडानी ने संस्था की ओर ये राजस्थान में किए जा रहे सामाजिक बदलाव के कार्यक्रम 'उड़ान पाठशाला' (कच्ची बस्ती के बच्चों के लिए) व महिला स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में भवन गायक हर्षित शर्मा, हेमराज वर्मा, धर्मवीर वैष्णव (S.DM. चालक, रूपनगढ़), अनिता वैष्णव, राखीजी सहित बड़ी संख्या में लोग उपिस्थत थे। कार्यक्रम का संचालन अनिता वैष्णव ने किया।

## बाल-गोपालों ने दिखाई प्रतिभा




**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर में सेक्टर 73 के श्रीराम गोपेश्वर महादेव मंदिर स्थित राधा गोविन्द मंदिर में जन्माष्टमी पर बाल-गोपालों की नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष एमसी मीणा ने बताया कि विजेताओं को क्षेत्रीय पार्षद शक्ति प्रकाश यादव ने पुरस्कार दिए। बाद में भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण को पंचामृत स्नान कराया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## डेकोरेशन में दिखाया उत्साह



**बेधड़क. जयपुर।** जन्माष्टमी पर शुभ निकुंज सोसायटी में मीनाक्षी भटनागर के मार्गदर्शन में हांडी डेकोरेशन, फैंसी ड्रेस, नृत्य एवं नाटिका का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सोसायटी कमेटी द्वारा बच्चों को हांडी व गिफ्ट्स प्रदान किए गए। बाद में भजन संध्या के साथ कृष्ण जन्मोत्सव शुभ निकुंज निवासियों के साथ अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।

## एक्ट्रेस अर्चना आएंगी जयपुर



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में सेलिब्रिटीज का आना जारी है। अब शनिवार को वैशाली में वीडियो एलबम 'एसी लगवादे' सॉन्ग के प्रमोशन में बिग बॉस फेम एक्ट्रेस अर्चना गौतम मीडिया से रूबरू होंगी। वनीश चुघ ने बताया कि इस सॉन्ग के डायरेक्टर साहिल संधु हैं। एक्टर रणवीर सिंह मलिक सॉन्ग में दिखाई देंगे।

## सीसी सड़क का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर के वार्ड 127 में शुक्रवार को सीसी सड़क का स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ ने विधिवत पूजन कर शिलान्यास किया। स्थानीय पार्षद जयश्री गर्ग ने बताया कि सेक्टर एक की सड़क टूटी हुई थी। ग्रेटर नगर निगम के पार्षद कोटे से इन सीसी सड़कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। इस मौके पर स्थानीय लोगों और विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, वार्ड अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, मंडल मंत्री उषा वाधवा, प्रेमलता यादव, अनीता सोनी, वैजयंती शर्मा, ललित शर्मा, जय गोपाल अग्रवाल, अनिल, शंकर, केदार अग्रवाल, लेखराज चांदनी धर्मदास मोटवानी, मनी, रामू गुरमीत, दिलीप, पुष्पा, गुरुचरण, धर्मा चौधरी, अशोक चौधरी, गजेंद्र सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### जयपुर में युवा निकालेंगे भगवा रैली



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में रविवार को युवा भगवा रैली निकालेंगे। धर्म को मजबूत करने की बात करेंगे। इस भगवा रैली से सब एकजुट भी होंगे और लोगों को भी इसके लिए संदेश देंगे। साथ ही सनातन धर्म पर दिए गए बयान के प्रति अपनी भावनाएं बताएंगे। युवा शक्ति मंच राजस्थान प्रदेश के संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि उदयनिधि स्टालिन और पूर्व केन्द्रीय मंत्री ए. राजा के बयान से युवाओं में रोष है। रैली से समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग की जाएगी। मंच महामंत्री गौरी शंकर खोरवाल ने बताया कि रैली में 500 चौपहिया और 10 हजार दुपहिया वाहन शामिल होंगे। रैली के मार्ग में परिवर्तन होगा और जलमहल की पाल से रवाना होकर जोरावर सिंह गेट, सीताराम बाजार, ब्रह्मपुरी खुर्रा, गणगौरी बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट चौड़ा रास्ता होती हुई रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त होगी।

### एसएमएस में ट्रोप-T, ट्रोप-I जांच शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** एसएमएस अस्पताल के हृदयरोग विभाग की ओपीडी में ट्रोप-टी, ट्रोप-आई जांच शुरू की गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब हृदयाघात के मरीजों को जांच के लिए इमरजेंसी नहीं ले जाना पड़ेगा। अब यह जांच ओपीडी में शुरू होने के कारण मरीज के हृदयाघात की स्थिति का समय पर पता लग जाएगा और समय रहते इलाज की सुविधा मिलेगी। ट्रोप-टी, ट्रोप-आई के अतिरिक्त इस मशीन से एंटी- प्रोबीएनपी, डी-डाइमर, प्रो. कॅल्शिटोनिन, सीआरपी एवं सीपी केएमबी जैसी महत्वपूर्ण जांचें भी हो सकती है, जिससे मरीज का तुरंत आवश्यक उपचार किया जा सकेगा। मशीन के उद्घाटन पर डॉ. अचल शर्मा, हृदयरोग विभागाध्यक्ष डॉ. वीवी अग्रवाल, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. एसएस राणावत, डॉ. बीएस पचार एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कलाकारों को दिए अवॉर्ड

**बेधड़क. जयपुर।** वसुधा जन विकास संस्थान और राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से 'उड़ान पिटारा-आर्ट फॉर द चेंज' प्रोग्राम में कलाकारों को अवॉर्ड व सर्टिफिकेट दिए गए। अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास मुख्य अतिथि थे। राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों के आर्टिस्ट ने सजेशन बॉक्स को पीरियड थीम पर पेंट किया था। उड़ान पिटारा नाम के इस प्रोजेक्ट में कलाकारों द्वारा करीब 500 बॉक्स पर रंगों के जरिए पीरियड सब्जेक्ट पर अलग-अलग संदेश दिए। इनमें से चयनित सजेशन बॉक्स की एग्जीबिशन लगाई गई। कलाकारों ने पीरियड विषय पर कल्पना को सजेशन बॉक्स पर पेंट किया, ताकि स्कूलों व कॉलेजों की बालिकाओं तक कला के जरिए इस विषय पर जागरूकता आ सके।

### 'सिक्स थिंकिंग हेट्स' पेंटिंग एग्जीबिशन

## जयपुर, पुणे, बिहार-वड़ोदरा के कलाकारों ने कराए जीवन दर्शन



**बेधड़क | जयपुर**

रोजमर्रा के जीवन, मनुष्य की प्रक्रिया और जीवन के बदलते स्वरुप को कैनवास पर उकेरा तो कई मैसेज भी देखने को मिले। मौका था रामगढ़ मोड़ स्थित आईसीए गैलरी में 'सिक्स थिंकिंग हैट्स' पेंटिंग और आर्ट ग्रुप एग्जीबिशन का। 5 दिवसीय एग्जीबिशन में जयपुर सहित बिहार, पुणे और वड़ोदरा के आर्टिस्ट्स ने आर्ट वर्क क्रिएटिविटी के साथ शोकेस किया है। 6 आर्टिस्ट्स की ओर से प्रदर्शनी में जयपुर से अदिति अग्रवाल, बिहार से रवि ठाकुर, पुणे से स्मृति जोशी और मनोज दरेकर, वड़ोदरा से रुत्विक मेहता ने हिस्सा लिया। पहले दिन मुख्य अतिथि के तौर पर भारत की पहली महिला सरपंच और मोटिवेशनल स्पीकर छवि राजावत और मंगलम प्लस मेडिसिटी की डायरेक्टर नेहा गुप्ता ने शिरकत की। सकल्पटर रुत्विक मेहता ने 2 सकल्पचर्स शोकेस किए, जो अनूठे हैं। ब्रास धातु पर तैयार किए गए दोनों आर्ट पीस की थीम फाइटिंग बैल और विंडो रखी गई। साथ ही मेडिटेशन और योग को ऐक्रेलिक रंगों से पेंटिंग में दर्शाया गया, जिसे देखकर कला प्रेमी रोमांचित हो गए। आर्टिस्ट अदिति अग्रवाल ने मिक्स मीडियम पर ठनका को थीम रखते हुए योग की कई मुद्राएं दर्शाई। साथ ही स्मृति जोशी ने इंसान के जीवन में आने वाले मटेरियल और ऑब्जेक्ट्स से पड़ने वाले जीवन में बदलावों और प्रभावों को कैनवास पर दिखाया। अपने इर्द-गिर्द के माहौल पढ़कर उससे निकलने वाले मनोभावों को आर्टिस्ट रवि ठाकुर ने पेंटिंग्स में डिस्प्ले किया। यहां आर्टिस्ट ने 40 पेंटिंग्स और दो स्कल्पचर्स को शोकेस किया।

### 3000 प्लेयर्स आज जयपुर में दिखाएंगे दमखम

**जयपुर।** कराटे व मार्शल आर्ट को देश में प्रोफेशनली बढ़ावा देने के लिए खेल कराटे लीग का दूसरा सीजन शनिवार से जयपुर में शुरू होगा। 11 सितंबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाली लीग के फाउंडर धनंजय त्यागी ने बताया कि इस साल यह लीग इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में होगी। इससे पहले पहले सीजन में 1700 से ज्यादा प्लेयर्स ने भाग लिया था व दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया था। लीग में खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए तक की इनामी राशि के साथ प्लेयर्स को लीग की ऑफिशियल जर्सी दी जाएगी। साथ ही बॉलीवुड गायक स्वरूप खान दिखाई देंगे।

कृष्णा पूनिया, वीरेंद्र पूनिया, राजू लाल चौधरी, कृष्णा नागर, देवेंद्र झांजरिया जैसे लोग शामिल होंगे। लीग के चीफ एडवाइजर शुभम चौधरी ने बताया कि 28 राज्यों, केंद्रशाशित प्रदेशों, 240 स्कूल अकादमी, कॉलेज और सर्विसेज टीम से 3000 से ज्यादा खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। प्रसारण नेशनल टेलीविजन,ओटीटी और डिजिटल प्लेटफार्म पर किया जाएगा।

**विशेष** 3 से 4 सप्ताह में तैयार किए लंच-डिनर के लिए बर्तन

# हमारी कटलरी बढ़ाएगी राष्ट्राध्यक्षों के खाने का स्वाद

**बेधड़क | जयपुर**

पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, क्योंकि दुनिया भर के राष्ट्र अध्यक्ष देश में है। ऐसे में जी-20 में आए वीवीआईपीज के लिए खास भोजन का इंतजाम किया गया है। यह भोजन जयपुर में तैयार हुए खास बर्तनों में सर्व किया जाएगा और वीआईपीज के खाने का स्वाद बढ़ाएगा। इसके लिए गुलाबी नगरी में पिछले 3 से 4 सप्ताह के अंदर इन सिल्वर प्लेटेड बर्तनों को तैयार कर दुनिया को कला दिखाई जा रही है। इन टेबल वेयर और कटलरी में अशोक चिन्ह शामिल है।

### हर टाइम के भोजन में जयपुर की छाप

ऐसे में अब जी-20 में वीवीआईपीज के दोपहर के भोजन, रात्रि भोज और अन्य भोजन में जयपुर की छाप होगी। भोजन परोसने के बर्तन और कटलरी के डिजाइन, विकास और उत्पादन के लिए अरुण के समूह का चयन कर यहां बर्तन तैयार किए गए हैं।



फोटो: पंकज शर्मा

### ट्रम्प को भी भाई थी कला

इससे पहले 2020 में डोनाल्ड ट्रम्प, 2010 और 2015 में बराक ओबामा की भारत यात्रा के दौरान जयपुर ने ही उनके व्यक्तिगत उपयोग के लिए विशेष सर्व वेयर व उससे सम्बंधित कटलरी का निर्माण किया था।

### 15 हजार पीस किए तैयार

अरुण पाबुवाल ने बताया कि 15000 पीस तैयार किए हैं। इसके लिए कई मीटिंग्स आयोजित की गई और डिजाइन से लेकर अन्य बातों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सिल्वर प्लेटेड बर्तनों में ज्यादा चमक वाले बर्तन नहीं चाहिए थे। उनकी डिमांड थी कि मेट फिनिश वाले बर्तन तैयार की जाए। वहीं अंतरा पाबुवाल ने बताया कि लगभग 300 शिल्पकारों की टीम ने पारम्परिक भारतीय निर्माण तकनीकों के साथ नवीनतम कम्प्यूटरीकृत (सीएनसी) का उपयोग किया गया। लंच और डिनर के लिए अलग-अलग कलेक्शन तैयार किए गए हैं, जबकि दोपहर का भोजन पारम्परिक भारतीय थाली में परोसा जाएगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 09 सितंबर, 2023





दूसरों की खुशी देखकर आनंदित होना भी स्वस्थ मन की पहचान है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## मालीः सैन्य शिविर पर विद्रोहियों का हमला

# 49 नागरिकों और 15 सैनिकों की मौत



**एजेंसी** | बमाको

माली के अशांत उत्तरी क्षेत्र में शुक्रवार को एक सैन्य शिविर पर हमला हुआ। यह हमला अल-कायदा से संबंधित विद्रोहियों के दो हमलों के एक दिन बाद हुआ है जिनमें 49 नागरिकों और 15 सैनिकों की मौत हो गई थी।

सुरक्षाबलों ने माली के गाओ क्षेत्र में सैन्य शिविर पर हुए हमले के बारे में एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'हमले में प्रतिक्रिया और आकलन का कार्य प्रगति पर है।' सरकारी टेलीविजन ने सैन्य शासन के बयान के हवाले से बताया था कि विद्रोहियों ने गुरुवार को नाइजर नदी पर टिम्बकटू शहर के पास एक यात्री नाव और गाओ क्षेत्र के बंबा में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया।

इसमें बताया गया कि इन हमलों की जिम्मेदारी इस्लामी चरमपंथी विद्रोही समूह जेएनआईएम ने ली है जो अल-कायदा से संबद्ध है। टिम्बकटू से पूर्व में लगभग 90 किलोमीटर यानी 55 मील दूर जारहो गांव के पास नौका पर हमला किया गया।



### पानी में कूद कर बचाई जान

डेम्बेले ने संवाददाताओं से कहा, 'नौका पर हमले के दौरान उस पर मौजूद सैनिकों ने आतंकियों के खिलाफ जवाबी गोलीबारी भी की, लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ नागरिक पानी में कूद गए और उन्हें तैरना नहीं आता था।'

### तीन दिन का शोक घोषित

माली की सरकार ने बताया कि सुरक्षाबलों की इन हमलों को लेकर जवाबी कार्रवाई में करीब 50 हमलावर मारे गए हैं। देश में मारे गए नागरिकों और सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार से तीन दिन का शोक घोषित किया गया है। माली की सेना के प्रवक्ता सौलीमेन डेम्बेले के अनुसार, नाव में सवार कुछ यात्रियों को तैरना नहीं आता था जिससे इतने लोगों की जान गई। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ लोग डूब गए होंगे।

## भारत में गांधी और गोडसे के दृष्टिकोण के बीच लड़ाई

# 'इंडिया' गठबंधन के नाम से पीएम मोदी हैं परेशान

**एजेंसी** | ब्रसेल्स

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और लोगों की आजादी पर हमले बंद हों। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमलों के मद्देनजर यूरोपीय संघ से जुड़े लोग इसे लेकर चिंतित हैं।

उन्होंने यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि भारत में महात्मा गांधी और गोडसे के दृष्टिकोण के बीच लड़ाई है। उन्होंने कहा, 'भारत में लोकतंत्र के लिए लड़ाई हमारी जिम्मेदारी है, हम इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी संस्थाओं, (लोगों की) आजादी पर हमले बंद हों।'



### अडाणी का नाम आते ही भटकाने की कोशिश

राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नाम ने सरकार में डर पैदा कर दिया है। 'इंडिया' इस बात को दर्शाता है कि हम कौन हैं! इससे प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) इतने परेशान हो गए हैं कि वह देश का नाम बदलना चाहते हैं।' राहुल गांधी ने दावा किया, 'यह दिलचस्प है कि हर बार जब हम अडाणी और मित्रवादी पूंजीपतियों का मुद्दा उठाते हैं, तो प्रधानमंत्री ध्यान भटकाने की एक नाटकीय नई रणनीति के साथ सामने आते हैं।'

### कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

कश्मीर से संबंधित प्रश्न पर राहुल ने कहा, 'कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। यहां भारत के अलावा किसी का लेना-देना नहीं है। हमने (अनुच्छेद 370 के विषय पर) कार्य समिति में प्रस्ताव पारित किया है...जब हम लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा की बात कर रहे हैं, तो इसमें कश्मीर समेत देश सभी हिस्सों की बात करते हैं।' उन्होंने दावा किया, 'भाजपा का मानना है कि सत्ता को केंद्रीकृत किया जाना चाहिए, धन को केंद्रित किया जाना चाहिए और भारत के लोगों के बीच बातचीत को दबा दिया जाना चाहिए।'

## अमेरिका देगा यूक्रेन को बड़ी सैन्य सहायता...

# 60 करोड़ डॉलर के नए पैकेज का ऐलान

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के यूक्रेन दौरे के ठीक एक दिन बाद पेंटागन ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए दीर्घकालिक सहायता के तौर पर 60 करोड़ डॉलर के नए सहयता पैकेज की घोषणा की। विदेश मंत्री ने यात्रा के दौरान नई सैन्य एवं मानवीय सहायता के लिए एक अरब डॉलर देने का वादा भी किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि नया पैकेज यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के माध्यम से दिया जाएगा।

इस सहायता में यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणालियों को बनाए रखने और एकीकृत करने के लिए उपकरण, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) के लिए गोला-बारूद, इलेक्ट्रॉनिक हथियारों से लड़े जाने वाला युद्ध और इसका सामना करने के लिए उपकरण,खदान-समाशोधन उपकरण के साथ प्रशिक्षण एवं रखरखाव आदि शामिल है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से बाइडन प्रशासन लगातार देश को सहयोग दे रहा है और इसके बीच इतनी बड़ी सहायता राशि की घोषणा की गई है।

ब्लिंकन ने बुधवार को कीव की यात्रा के दौरान घोषणा की थी कि पेंटागन उन हथियारों के लिए लगभग 17.5 करोड़ डॉलर प्रदान करेगा, जिन्हें पेंटागन के भंडार से दिया जाएगा।

### कनाडा के हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

**टोरंटो।** अलगाववादी एसएफजे द्वारा ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक और मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी बातें लिखी गई हैं। भित्तिचित्रों से माता भामेश्वरी दुर्गा मंदिर को अपवित्र कर तोड़फोड़ की गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों के अनुसार, मंदिर की दीवारों पर "पंजाब भारत नहीं है" संदेश के साथ भारत विरोधी भित्तिचित्र बनाए गए हैं।

## हांगकांगः मूसलाधार बारिश से सड़कों पर सैलाब

# स्कूल और स्टॉक एक्सचेंज बंद

**एजेंसी** | हांगकांग

हांगकांग में रात भर हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर के कुछ हिस्सों की सड़कें तथा भूमिगत सब-वे स्टेशन के जलमग्न हो जाने के कारण शुक्रवार को यहां के स्कूलों को बंद कर दिया गया तथा स्टॉक एक्सचेंज भी बंद रहा। शहर में गुरुवार रात से भारी बारिश हो रही है, सरकार ने चेतावनी दी है कि बारिश का यह सिलसिला शुक्रवार दोपहर तक चलेगा। हांगकांग वेधशाला ने कहा कि गुरुवार रात 11 बजे से आधी रात के बीच 158.1 मिमी (6.2 इंच) बारिश दर्ज की गई, जो 1884 के रिकॉर्ड बारिश से अधिक है। हांगकांग में रात को "काली" बारिश(मूसलाधार बारिश) की चेतावनी जारी की गई थी और यह शुक्रवार सुबह भी जारी रही। अधिकारियों ने बाहर रह रहे स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को कहा। इस बारिश के बाद कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहे हैं।

## मॉक्सी डिवाइस का मिशन पूरा

# मंगल पर ऑक्सीजन बना रहा है नासा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

मंगल ग्रह पर इंसान रह सकेंगे या नहीं? वैज्ञानिक इस सवाल का जवाब ढूंढ़ने में लगे हैं। नासा के प्रयास रंग भी लाने लगे हैं। मंगल ग्रह पर नासा का मॉक्सी नाम का डिवाइस ऑक्सीजन बनाने में लगा है। प्रेरजरवेंस रोवर पर 16वीं बार सफलतापूर्वक ऑक्सीजन का उत्पादन करने के साथ अपने मिशन को पूरा कर लिया है।

मंगल के वायुमंडल से ऑक्सीजन निकालना संभव है। यह ऑक्सीजन अंतरिक्ष यात्रियों के लिए जरूरी हो सकती है, जो मंगल ग्रह पर भविष्य के मिशनों के लिए सांस लेने योग्य हवा और रॉकेट फ्यूल की आपूर्ति करेगी। मॉक्सी ने नासा के बेसिक टारगेट को पार कर प्रति घंटे 12 ग्राम ऑक्सीजन का उत्पादन किया।



### ऑक्सीजन का भंडारण संभव

भविष्य के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी से सब कुछ लाने की बजाय मंगल ग्रह पर अपनी जरूरत की चीजों का उत्पादन करने के लिए मॉक्सी का उपयोग कर सकते हैं। इसने भविष्य के स्पेस एक्सप्लोरेशन के लिए अब उम्मीद पैदा कर दी है। नासा की वेबसाइट के मुताबिक अब उनका अगला कदम एक फुल-स्केल सिस्टम बनाना है, जिसमें ऑक्सीजन जनरेटर और भंडारण शामिल है।

### मॉलिक्यूलर ऑक्सीजन बनाता है मॉक्सी

मॉक्सी एक इलेक्ट्रोकेमिकल प्रोसेस की मदद से मॉलिक्यूलर ऑक्सीजन बनाता है जो मंगल के पतले वातावरण में ऑक्सीजन एटम को कार्बन डाइऑक्साइड से अलग करता है। यह सिस्टम जो भी ऑक्सीजन बनती है उसकी शुद्धता और मात्रा को मॉनिटर करता है। दरअसल, इसे भविष्य के मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। ये इस टेक्नोलॉजी का पहला मिशन था, जो आने वाले समय में मनुष्यों को मंगल ग्रह पर जीवित रहने और रॉकेट फ्यूल के सोर्स के रूप में मदद कर सकता है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl